संयम ◆संस्कार ◆संतुलन

R.N.I. No.-UPHIN/2004/22466

वर्ष-21 अंक- 12
पृष्ठ 8
शनिवार
28 सितम्बर 2024
प्रात: संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
मूल्य-1.00

# शहर समता

प्रयागराज से प्रकाशित    Email : shaharsamta@gmail.com    Website : https://Shaharsamta.com    सम्पादक-उमेश चन्द्र श्रीवास्तव

विविध- किडनी खराब होने से ....
विचार- महत्वपूर्ण और लोकप्रिय मिशन....
खेल- नतीजा इस पर निर्भर करेगा ....

# एमएसपी के नाम पर किसानों से झूठ बोलना बंद करे कांग्रेस : अमित शाह



रेवाड़ी, एजेंसी। हरियाणा के रेवाड़ी में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने दावा किया कि जनसभा में जनता का उत्साह बता रहा है कि इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक लगना तय है। शाह ने संबोधन के शुरूआत में कहा कि ये हरियाणा की भूमि बलिदान व वीरता की भूमि है। ये हरियाणा की भूमि ज्ञान, अध्यात्म और गीता की भूमि है। ये हरियाणा की भूमि शक्ति और समृद्धि की भूमि है। आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, जम्मू–कश्मीर सुरक्षित है, तो इसमें हरियाणा के जवानों का बलिदान, वीरता और शौर्य शामिल है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में चुनाव प्रचार की शुरुआत हरियाणा से की थी और उन्होंने वादा किया था कि 40 वर्षों से हमारे सेना के जवानों द्वारा की जा रही वन रैंक–वन पेंशन की मांग को पूरा करेंगे। 40 वर्षों तक कांग्रेस वन रैंक–वन पेंशन लागू नहीं कर पाई, आपने मोदी जी को सेवा का मौका दिया और मोदी जी ने वन रैंक–वन पेंशन को लागू किया। उन्होंने कहा कि एक महीने पहले वन रैंक–वन पेंशन का तीसरा वर्जन भी लागू कर दिया गया है। कांग्रेस पर वार करते हुए शाह ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, कट, कमीशन और करप्शन से चलती थी। डीलर, दलाल और दामादों का राज चलता था। भाजपा सरकार में न डीलर बचे न ही दलाल बचे, दामाद का तो सवाल ही नहीं है। राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल बाबा को अभी किसी NGO ने पकड़ा दिया है कि डैच बोलने से वोट मिल जाएंगे। राहुल बाबा, डैच का फुलफॉर्म मालूम है आपको? खरीफ और रबी की फसल कौन सी है, क्या आपको मालूम है। पूरे देशभर में कांग्रेस की जो सरकारें चल रही हैं, डैच के नाम पर किसानों से झूठ बोलना बंद कीजिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों से 24 फसलें डैच पर खरीद रही है। हरियाणा में कांग्रेस के नेता एक बार बता दें कि देश में आपकी कौन सी सरकार डैच पर 24 फसल खरीदती है? उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में आपकी सरकार है, डैच पर कितनी फसलें खरीदते है, बताइए जरा... अरे हुड्डा साहब, आपकी सरकार को किसान 2 रुपये मुआवजे वाली सरकार कहते थे क्योंकि आपके समय में बर्बाद फसल के लिए 2–2 रुपये के चेक भेजे जाते थे। विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में जाकर ये कहते हैं कि हम सभी आतंकियों और पत्थरबाजों को छोड़ देंगे। 40 हजार लोग जम्मू–कश्मीर में मारे गए, हमारे सेना के जवान शहीद हो गए और आप कहते हैं कि आप उन्हें छोड़ दोगे। अरे राहुल बाबा, हिम्मत है तो हरियाणा में आकर वही भाषण दीजिए। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा, विदेश जाकर कहते हैं कि हम ज्–े–व्ठ समुदाय का आरक्षण समाप्त कर देंगे। ये हम पर आरोप लगाते थे कि हम आरक्षण समाप्त करने वाले हैं और ध्अमेरिका जाकर अंग्रेजी में बोलकर आए कि आरक्षण समाप्त कर देंगे। राहुल बाबा, कैसे समाप्त कर दोगे, सरकार हमारी है और मैं कह देता हूं कि जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक आप आरक्षण समाप्त नहीं कर सकते हैं।

# वर्षाजनित घटनाओं से प्रभावितों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान की जाए : योगी



लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बीते कुछ दिनों से जारी बारिश और वर्षाजनित घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को संबंधित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार सुबह जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होंने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को उचित राहत राशि अविलंब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि बारिश जनित घटनाओं में जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल उचित वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। राहत आयुक्त कार्यालय से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, 25 सितंबर शाम छह बजे से 26 सितंबर शाम छह बजे तक उत्तर प्रदेश में बारिश जनित घटनाओं में कुल तीन लोगों की मौत हुई है, जिसमें ललितपुर में एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई जबकि हरदोई और उन्नाव में एक–एक व्यक्ति की डूबने से मौत हुई है। राहत विभाग ने बृहस्पतिवार शाम के बाद हुई बारिश में जनहानि का अभी आंकड़ा जारी नहीं किया है।सीएम योगी ने दी विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं, कहा यूपी सभी पर्यटन प्रेमियों को आमंत्रित कर रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा, विश्व पर्यटन दिवस की प्रदेश वासियों व सभी पर्यटन प्रेमियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! अतिथि देवो भवः के भाव के साथ नया उत्तर प्रदेश आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का एक नया गंतव्य बनकर उभरा है।

# शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने स्वैच्छिक शिक्षकों की भर्ती पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि उच्च न्यायालय सिर्फ कुछ पत्रों के आधार पर बिना कारण बताए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच का आदेश देने की अपनी शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। सुप्रीम कोर्ट ने गोरखा प्रादेशिक प्रशासन में स्वैच्छिक शिक्षकों को स्थायी करने के लिए कथित तौर पर किसी भर्ती प्रक्रिया का पालन किए बिना प्रभारी मंत्री को लिखे गए पत्रों की सीबीआई द्वारा एसआईटी जांच के आदेश को खारिज करने का आदेश पारित किया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 19 और 9 अप्रैल 2024 को जांच का आदेश पारित किया था। पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर विचार करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा, "इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उच्च न्यायालय को जांच सीबीआई को सौंपने का अधिकार है।हालांकि, ऐसा करने के लिए उसे इस बात पर विचार करना होगा ।

# 'अब मैं आ गया हूं...': दिल्लीवालों को अरविंद केजरीवाल ने किसा बात का दिलाया भरोसा



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शहर की सभी सड़कों का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से तत्काल मूल्यांकन कराने को कहा है। गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने सीएम आतिशी को अगले तीन–चार दिनों के भीतर मूल्यांकन पूरा करने के लिए कहा है। हाल ही में तिहाड़ जेल से रिहा हुए केजरीवाल ने बताया कि उनके कारावास के दौरान कई परियोजनाओं में देरी हुई। केजरीवाल ने इस बात पर जोर दिया कि रुकी हुई परियोजनाएं अब फिर से शुरू होंगी और दिल्ली के बुनियादी ढांचे को पटरी पर लाने का वादा किया। मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैंने कल भी आतिशी के साथ डीयू का दौरा किया था। सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी। आज हम यहां आये हैं। इसलिए, मैं आतिशी से आग्रह करना चाहूंगा कि अगले 3–4 दिनों में दिल्ली की सभी पीडब्लूडी सड़कों का आकलन करें। उन्होंने कहा कि हमारे सभी विधायक और मंत्री सड़क पर उतरेंगे और ये आकलन करेंगे। जितनी भी सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, उनकी मरम्मत का काम अगले कुछ महीनों में युद्ध स्तर पर किया जायेगा, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। आप संयोजक ने आगे कहा कि मैं जेल में था और इसीलिए उन्होंने बहुत सारे काम रोक दिए लेकिन मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं यहां हूं। सभी रुके हुए काम फिर से शुरू हो जाएंगे। गुरुवार को केजरीवाल ने दावा किया था कि भाजपा उन्हें झूठे मामलों में गिरफ्तार कराकर दिल्ली सरकार को पटरी से उतारना चाहती है। पूर्व सीएम ने दावा किया कि उन्हें जेल भेजा गया क्योंकि बीजेपी का उद्देश्य लोगों के काम को रोककर दिल्ली में आप सरकार को बदनाम करना था। केजरीवाल उत्पाद नीति मामले में पांच महीने तक तिहाड़ जेल में बंद थे और उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद इस महीने की शुरुआत में रिहा हुए थे। उन्होंने पिछले सप्ताह दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि फरवरी में विधानसभा चुनाव में दिल्ली के लोगों से ईमानदारी का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद वह इस पद पर लौट आएंगे।

# कांग्रेस ने 13 बागियों को निष्कासित किया

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस ने अपने कुछ नेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, ग्रैंड ओल्ड पार्टी ने तेरह नेताओं को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इन नेताओं पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। इनमें से कई पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में हैं। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिसका उद्देश्य पार्टी के भीतर अनुशासनहीनता पर अंकुश लगाना है क्योंकि यह 5 अक्टूबर को चुनाव की तैयारी कर रही है। निष्कासित सदस्यों में गुहला एससी से नरेश ढांडे, जींद से प्रदीप गिल, पुंडरी से सज्जन सिंह ढुल और पानीपत ग्रामीण से विजय जैन जैसे उल्लेखनीय लोग शामिल हैं। यह आदेश कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख उदय भान द्वारा जारी किया गया।

# सीबीआई की याचिका स्वीकार, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति देने से किया इनकार

मुबई, एजेंसी। बंबई हाई कोर्ट ने शीना बोरा हत्याकांड में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को विदेश जाने की अनुमति देने से संबंधित विशेष अदालत का आदेश रद्द किया। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अदालत के आदेश को पलट दिया है। सीबीआई अदालत के आदेश के तहत शीना बोरा हत्याकांड की मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को दस दिनों के लिए स्पेन और यूनाइटेड किंगडम की यात्रा करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति श्याम सी चांडक ने विशेष अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका के जवाब में यह फैसला सुनाया।

आमंत्रण पत्र

शहर समता विचार मंच, प्रयागराज
(शहर समता अखबार द्वारा संचालित)

महिला काव्यगोष्ठी विशेषांक एवं सावित्री देवी सम्मान अंक (मिली संजय श्रीवास्तव) के विशेषांक का लोकार्पण एवं महिला–पुरूष काव्यगोष्ठी

अध्यक्षता – वरिष्ठ कवि राम कैलाश पाल 'प्रयागी'
मुख्य अतिथि – प्रो0 सरोज सिंह, डॉ0 सविता श्रीवास्तव
विशिष्ट अतिथि– डॉ0 रामजी मिश्र, डॉ0 कल्पना वर्मा

दिनांक 29 सितम्बर, 2024 दिन रविवार
समय – अपराह्न 3:30 बजे से
स्थान – बायोवेद शोध संस्थान, प्रयागराज (प्रयाग रेलवे स्टेशन के निकट)

राष्ट्रीय अध्यक्ष
रचना सक्सेना

प्रबंध सम्पादक
अरविंद कुमार पाण्डेय

सम्पादक सचिव
उमेश श्रीवास्तव

आमंत्रण



नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट

अमर शहीद भगत सिंह के स्मृति मे एनयूजे प्रयागराज करेगा वृक्षारोपण

मुख्य अतिथि - डॉ सुशील कुमार सिन्हा (अध्यक्ष के पी ट्रस्ट)

दिनाँक - शनिवार 28 सितम्बर
समय-अपरान्ह 3 बजे
कार्यक्रम स्थल-नेहरु पार्क रोड, सुलेम सरायँ

भवदीय
जिला अध्यक्ष
कुन्दन श्रीवास्तव
जिला महामंत्री
राजीव कुमार सिंह

# अखिलेश के PDA फॉर्मूले से फूलपुर में सपा मजबूत: INDI गठबंधन टूटा तो BJP को मिलेगी लीड, पटेल-यादव तय करेंगे हार-जीत




फूलपुर से
**फरहत खान**

प्रयागराज। प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर उप–चुनाव होना है। सीएम की जनसभा और मंगेश यादव के एनकाउंटर ने यहां सियासी गर्मी बढ़ा दी है। सीएम योगी ने प्रयागराज कुंभ और विकास की तमाम योजनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। अगले दिन मंगेश के एनकाउंटर के बाद सपा ने इसे एजेंडा बना दिया। फूलपुर में अखिलेश यादव का फोकस च्क। यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक फॉर्मूले पर है। यहां सपा मजबूत स्थिति में दिख रही है। वजह है कि यहां 43: ओबीसी और 15: मुस्लिम वोटर्स हैं। भाजपा ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को फूलपुर उप–चुनाव जिताने की जिम्मेदारी सौंपी है। सपा और कांग्रेस के नेता यहां कैंप करने लगे हैं। हालांकि, बसपा को छोड़कर किसी भी पार्टी ने प्रत्याशियों का ऐलान नहीं किया है। चर्चा इस बात की है कि गठबंधन के तहत कांग्रेस फूलपुर सीट से अपना प्रत्याशी उतार सकती है। लेकिन, इंडी गठबंध ान में प्रत्याशी को लेकर अंदरूनी खींचतान चल रही है। अगर दोनों ने प्रत्याशी उतारे, तो भाजपा को लीड मिल सकती है। यहां का माहौल समझने के लिए दैनिक भास्कर की टीम फूलपुर पहुंची। हवा का रुख, चुनावी मुद्दे और जातीय समीकरण के गणित को समझते हुए आम लोगों से बात की। पॉलिटिकल एक्सपर्ट की राय जानी... प्रयागराज से करीब 40 किमी. दूर फूलपुर में हम 10 अलग–अलग क्षेत्रों में गए। हमने करीब 100 लोगों से बात की। यहां एकमात्र सरकारी इंटर कॉलेज है। उसकी भी स्थिति खराब है। डिग्री और पॉलिटेक्निक कॉलेज की मांग कई सालों से की जा रही है। कोहना, पुराना फूलपुर, कैथाना, शुक्लाना, फरीदाबाद, पैगंबरपुर, रेलवे फाटक, सुनौटी इलाकों में बारिश के बाद तालाब जैसे हालात हो जाते हैं। फूलपुर कस्बे की सड़कें खराब हैं। संपर्क मार्ग कच्चे होने की वजह से पानी भर जाता है। बारिश में स्थिति खराब हो जाती है। तहसील के सामने और रेलवे फाटक वाले फ्लाईओवर पर रोज तीन से चार घंटे जाम लगता है। लोगों का आरोप है– फ्लाईओवर गलत तरीके से बनाया गया। फ्लाईओवर तहसील के गेट पर उतरता है। इस वजह से यहां जाम लगता है। फूलपुर में उद्योग ध ंधे कम हैं। लोगों का आरोप है कि इफको में भी लोकल लोगों को प्राथमिकता नहीं दी जाती। शेखपुर के मो. हमजा ने कहा– जनता फूलपुर में विकास चाहती है। ऐसा विकास, जिससे लोगों को फायदा हो। यहां एक फ्लाई ओवर बनाया गया, लेकिन यह किसी काम का नहीं। बेरोजगारी और मंहगाई से जनता परेशान है। वोट उसी के फेवर में जाएगा, जो सिर्फ फूलपुर का विकास करेगा। हर आदमी अपना फायदा चाहता है। पूरे अच्छई गांव के रहने वाले मो. फैज ने बताया– हम लोग गठबंधन के साथ हैं। हमारे क्षेत्र के युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। प्रवीण पटेल (फूलपुर के भाजपा सांसद) ने यहां काम नहीं कराया। वो जीत तो गए हैं, लेकिन अपनी ही विधानसभा सीट पर हार गए थे। ढोकरी फूलपुर के अनुपम सिंह ने कहा– इस सरकार में पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक हुआ। 69 हजार शिक्षक भर्ती परीक्षा में ध ांधली हुई। युवा सबसे ज्यादा परेशान हैं। प्रयागराज में दूसरे शहरों से लोग पढ़ने आते हैं। उनकी चिंताएं, बेबसी हमने देखी है। फूलपुर की जनता ने देखी है। जनता सब जानती है, इसलिए वह अपना माइंडसेट कर चुकी है। पूरे अइयापुर के अमरीक सिंह ने कहा– यहां जाति देखकर चुनाव होता है। जो जिस जाति के हैं, उन्हीं को वोट देते हैं। जनता अपना विकास देखती है। राजेश कुमार ने कहा– हमारे पड़ोसी जिले में मंगेश यादव का एनकाउंटर कर दिया गया। वही सबसे बड़ा मुद्दा है। देख लीजिए क्या हुआ और कैसे एनकाउंटर कर दिया। सरकार सिर्फ अपना माहौल बना रही है। पेशे से किसान दिलीप कुमार ने कहा– भाजपा की सरकार में लॉ एंड ऑर्डर अच्छा हुआ है। हमारे यहां सड़कें बन गई हैं। बिजली आ रही है। 2014 में हमने जो मांग रखी, वो पूरी की गई। हमारे गांव में पानी की टंकी रखवा दी गई है। लालचंद ने कहा– हम सिर्फ इतना जानते हैं कि मजबूत व्यक्तित्व वाला कैंडिडेट चाहिए, जो विकास कर सके। जनता की परेशानी को समझ सके। अभी किसी भी प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया गया है। लेकिन, उम्मीद है कि उपचुनाव में विकास के नाम पर ही वोट जाएगा। यहां तो कांटे की लड़ाई दिखाई दे रही है। भाजपा विकास का मुद्दा उठाती है, इसलिए वो आगे दिखाई देती है। फूलपुर में लाइट की व्यवस्था अच्छी हुई है। सीनियर जर्नलिस्ट और पॉलिटिकल एक्सपर्ट सुनील शुक्ला ने बताया– फूलपुर की स्थिति साफ है। लोकसभा चुनाव के नतीजे देखे जाएं तो विधायक अपनी सीट से हार गए। एक बड़े मार्जिन से हार गए। जिन मुद्दों के बाद ये नतीजे सामने आए, वह अभी भी बरकरार हैं। ऐसे में सपा मजबूत दिखाई देती है। इंडी गठबंधन ने जो मुद्दे बनाए हैं, संविधान सुरक्षा, आरक्षण और बेरोजगारी, वो फिर से इन्हें उठाएगी। भाजपा ध्रुवीकरण पर फोकस कर रही है।

## बिजली के खंभे में करंट उतरने से कंडक्टर की मौत, बिजली विभाग की लापरवाही से गंवाई जान

प्रयागराज। बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से शुक्रवार तड़के एक बस कंडक्टर की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बैरहना स्थित कब्रिस्तान के सामने सड़क के दूसरी ओर से बस की सफाई के लिए बाल्टी से पानी ला रहा था। डिवाइडर के बीच लगे स्ट्रीट लाइट के खंभे का सहारा लेकर सड़क पार कर रहा था। खंभे में उतरे करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बस ड्राइवर से पूछताछ में पता चला कि कंडक्टर का नाम दादू (40) था। वह मध्यप्रदेश के मनगवां थाने के नीबी गांव का रहने वाला है। वह टूरिस्ट बस में कंडक्टर का काम करता था। दो दिन पहले वह यहां पर बस के साथ आया था। उधर, पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया है।

## एसएससी ने परीक्षा से पहले चिह्नित किए 400 सॉल्वर, किए थे 1300 आवेदन

प्रयागराज। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने 30 सितंबर से शुरू होने वाली मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) और हवलदार परीक्षा में आवेदन करने वाले 400 सॉल्वर चिह्नित किए हैं। इन सॉल्वरों ने आयोग के अलग–अलग जोन से 1300 आवेदन किए हैं। इसमें से 598 आवेदन प्रयागराज जोन के हैं। एआई की मदद से पहली बार इनको चिह्नित किया गया है। इन सभी के आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। इनको डिबार भी किया जाएगा। एमटीएस और सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम (सीबीआईएन) और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) में हवलदार के 9,583 पदों पर भर्ती होनी है।इसके लिए देश से 57,44,713 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। बड़ी संख्या में आए आवेदनों की जांच के लिए इस बार एआई का प्रयोग किया गया। एआई की मदद से देखा गया कि कितने अभ्यर्थियों ने एक से अधिक आवेदन किए हैं। इसमें यूपी और बिहार (एसएससी मध्य क्षेत्र) के तीन अभ्यर्थी मिले। इनका आवेदन रद्द कर दिया गया, फिर एआई की वन बाई एन टेक्निक से देखा कि एक अभ्यर्थी का चेहरा कितनों के चेहरों से मिलता है। इसमें कई आवेदनों पर एक ही फोटो मिला। एक फोटो पर 18, 14, 12, 11 और नौ आवेदन किए गए हैं। कुछ फोटो ऐसे भी थे, जो पहले सॉल्वर के रूप में पकड़े भी जा चुके थे। इन सॉल्वरों ने एसएससी के अलग–अलग जोन में आवेदन किए हैं। पहली बार ऐसा मामला पकड़े जाने पर अफसर सक्रिय हुए। यह परीक्षा 30 सितंबर से 14 नवंबर तक तीन पाली में होनी है। 26 सितंबर से प्रवेश पत्र डाउनलोड होने शुरू होंगे। आयोग के क्षेत्रीय निदेशक राहुल सचान ने बताया कि एआई की मदद से देशभर के 400 सॉल्वर चिह्नित किए गए हैं।इसमें से 261 सॉल्वरों ने प्रयागराज जोन में 598 आवेदन किए हैं। इन सभी के आवेदन रद्द कर दिए गए। यह लोग प्रवेशपत्र डाउनलोड नहीं कर सकते हैं। एसएससी ने इसी वर्ष 17 फरवरी को नई वेबसाइट लॉन्च की। इसके बाद से ऑनलाइन आवेदन लाइव फोटो से होने लगे। आवेदन करते समय ही अभ्यर्थी की फोटो मोबाइल एप या लैपटॉप से खीचीं जाती है। इस बदलाव से सॉल्वरों के फोटो मिक्सिंग का खेल खत्म हो गया।

## एक अप्रैल 2025 से शुरू होंगी स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षाएं, विवि का एकेडमिक कैलेंडर जारी

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएं 30 सितंबर 2024 से शुरू होने जा रहीं हैं जबकि प्रथम वर्ष की परीक्षाएं एक अप्रैल 2025 से प्रारंभ होंगी। ऐसे में कक्षाओं का संचालन छह माह के लिए होगा। पाठ्यक्रम समय से पूरा करने के लिए इसमें कटौती की जा सकती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने सत्र 2024–25 के लिए अकादमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इस बार सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) का परिणाम देर से आने के कारण प्रवेश प्रक्रिया भी विलंब से शुरू हुई और इसका असर अब विश्वविद्यालय के अकादमिक कैलेंडर पर भी नजर आ रहा है। कैलेंडर के अनुसार स्नातक द्वितीय वर्ष की कक्षाएं नौ सितंबर और स्नातक तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की कक्षाएं 22 सितंबर से शुरू हो चुकी हैं। स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएं 30 सितंबर से शुरू होंगी। हालांकि, इविवि और संघटक महाविद्यालयों में सत्र 2024–25 के तहत स्नातक प्रवेश की प्रक्रिया अब तक चल रही है और कॉलेजों में अब भी बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं। कैलेंडर में यह भी स्पष्ट किया गया है।

## सीमांचल एक्सप्रेस पर पत्थर चलाने वाला अरेस्ट, शहर-गांव के कई रेलवे ट्रैकों पर है पत्थरबाजों की टोली

प्रयागराज। आनंद बिहार से बरौनी (बिहार) जाने वाली सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन पर



प्रयागराज में पथराव के मामले में रेलवे पुलिस ने एक युवक को अरेस्ट कर लिया। ट्रेन नंबर 12488 सीमांचल एक्सप्रेस पर पत्थर प्रयागराज के रहने वाले मोहम्मद शमीम उर्फ गोलू ने चलाया था। अब शमीम को पुलिस ने अरेस्ट किया तो प्रयागराज के आउटर, ब्रिजों के आसपास चलती ट्रेनों में पथराव के कई मामलों से पर्दा उठने लगा। शमीम ने कबूल किया कि वह और उसके साथी कई चिह्नित जगहों पर चलती ट्रेन पर पत्थर मारते हैं ताकि यात्रियों के हाथ से मोबाइल या फिर अन्य सामान गिर जाए। ट्रेन स्पीड में होती है, ऐसे में यात्रियों का सामान गिरने पर यह युवक उसे लेकर निकल भागते हैं। असल में प्रयागराज में पटरी पर दौड़ती ट्रेनों पर लगातार पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आती रहीं हैं। इन पत्थरबाजों के लिए कई मुफीद स्पॉट हैं। हालांकि घटनाओं के कई इलाकों में अलग–अलग युवक की टोली वारदात को अंजाम देती है। प्रयागराज नैनी ब्रिज के पहले और बाद में यात्रियों के मोबाइल लूटने की कई घटनाएं सामने आती रहीं हैं। यहां चलती ट्रेनों पर यात्रियों के पत्थर फेंक मोबाइल लूटने की घटनाएं तो होती ही हैं, साथ ही पुल की वजह से ट्रेन की स्पीड कम कर दी जाती है, ऐसे में बदमाश किस्म के युवक यात्रियों के हाथ से मोबाइल छीनकर भी भाग जाते हैं। नैनी ब्रिज के आसपास के अलावा शहर के कई इलाके हैं जहां से आबादी के बीच ट्रेनें गुजरती हैं और वारदात होती रहती हैं। इसमें साउथ मलाका, नार्थ मलाका, सोहबतियाबाग, मोहत्सिमगंज, आरोरा बाबा की बगिया, छिवकी, नैनी, रामबाग और प्रयाग के आसपास के इलाके ऐसे हैं जहां कई युवक इस तरह की वारदात अंजाम देते हैं। ये तो शहरी इलाके हैं इसके अलावा कौशांबी लेकर प्रयागराज तक कई ऐसे गांव हैं जहां रेलवे लाइन पर योजना बनाकर युवकों की टोली पत्थर चलाकर सामान गिराने की कोशिश करती है। 27 साल के करीब है। यह मयूर रोड राजापुर उचवागढ़ी थाना कैंट का रहने वाला है। इसे गउघाट रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार किया गया। शमीम ने पूछताछ में कबूल किया है कि वह और उसके साथी ट्रेनों में उन यात्रियों पर पत्थर फेंकते हैं जो गेट पर खड़े होते हैं या फिर बैठे होते हैं। कई बार ट्रेनें आउटरों पर रुक जाती हैं तो उन यात्रियों को पत्थर मारते हैं जो सामान लेकर ट्रेन में चढ़ते होते हैं। ऐसे में ट्रेन की स्पीड बढ़ जाती है तो सामान गिर जाता है। प्रयागराज से मिर्जापुर जा रही सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने पर यात्री सुजीत कुमार जख्मी हुआ था। उसके होंठ कट गए थे, दांत टूट गया था। मिर्जापुर ट्रेन पहुंचने पर इलाज किया गया था। सुजीत बेगूसरांय का रहने वाला था। वह एस–3 बोगी के गेट पर था तभी पत्थर लगा था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोलंकी के वकील रखेंगे दलीलें, सजा पर रोक और जमानत की मांग की गई है

प्रयागराज। सपा के पूर्व विध ायक इरफान सोलंकी की अपील पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता तथा न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ कर रही है। इरफान सोलंकी



के साथ ही उनके भाई रिजवान सोलंकी भी अपील में शामिल हैं। सात साल की कैद की सजा को उम्र कैद में तब्दील करने की मांग में राज्य सरकार ने भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इरफान सोलंकी ने महिला का घर जलाने के मामले में मिली 7 साल की सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दायर की है। इरफान सोलंकी की तरफ से अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर रिहा किए जाने की मांग की गई है। इन अपीलों की सुनवाई अपील दाखिल की है। इन्हीं सब मामलों पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। इरफान सोलंकी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही है। इससे पहले की सुनवाई में इरफान सोलंकी के वकीलों ने अपना पक्ष रखा था। कोर्ट ने दो हफ्ते में यूपी सरकार से जवाब मांगा था। यूपी सरकार इस मामले में जवाब दाखिल कर चुकी है। कोर्ट में अब दोनों पक्ष अपनी अपनी दलीलें पेश करेंगे। कानपुर की सीसामऊ विधानसभा से सपा के निवर्तमान विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को डच–डस। कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई है। सजा रद्द करने के लिए इन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। इरफान सोलंकी इस समय महाराजगंज जेल में बंद है। इरफान सोलंकी के वकील उपेंद्र उपाध्याय के मुताबिक, सजा के कारण विधायक इरफान सोलंकी की विधानसभा सदस्यता चली गई है। यदि सजा पर रोक की राहत मिलती है तो विधायकी वापस हो सकती है। कानपुर की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने 7 जून 2024 को सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत पांच लोगों को 7 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की एक महिला का घर जलाए जाने के मामले में दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई गई है। सोलंकी सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए थे। सजा के बाद विध ायकी छिनध गई है।इरफान सोलंकी अभी महाराजगंज जेल में बंद है। समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत पहलवान, इसराइल आटे वाला और मोहम्मद शरीफ को एमपीएमएल कोर्ट ने 7 साल की सजा के साथ 30 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया था। नजीर फातिमा नाम की महिला ने 8 नवंबर 2022 को जाजमऊ थाने में घर कब्जा करने की मंशा से आगजनी करने का मामला दर्ज कराया था।

## भाजपा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया का निधन, हैदराबाद के निजी हास्पिटल में देर रात ली अंतिम सांस



प्रयागराज। मेजा विधानसभा सीट से 2017 में भाजपा विध ायक रहीं नीलम करवरिया का देर रात करीब एक बजे निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। उन्हें लिवर सिरोसिस की बीमारी थी। हैदराबाद के निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। कुछ दिनों पहले उनकी हालत गंभीर हो गई थी। हालत नाजुक होने पर बृहस्पतिवार को उन्हें वेंटिलेटर पर रख दिया गया था, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। देर रात अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक उनके आवास पर पंहुचने लगे। उनकी दो बेटियां समृद्धि व साक्षी करवरिया और एक बेटा सक्षम हैं। पूर्व विधायक के प्रतिनिधि जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि हैदराबाद से बाबतपुर बनारस एयरपोर्ट पर 12.30 बजे तक परिजन शव को लेकर पहुंचेंगे। वहां से प्रयागराज कल्याणी देवी उनके आवास पर लाया जाएगा। सन 2017 में मेजा विधानसभा में हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहीं नीलम करवरिया ने 67807 मत हासिल करके अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी रामसेवक सिंह पटेल को 19843 मतों से पराजित किया था। रामसेवक सिंह पटेल को 47964 मत मिले थे। उसके बाद सन 2022 में हुए चुनाव में नीलम करवरिया को हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव में सपा प्रत्याशी संदीप पटेल ने नीलम करवरिया को पराजित कर दिया। फिर भी नीलम करवरिया क्षेत्र में हर एक के सुख–दुख में साथ रहीं ।

## फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में करेंगे ग्राम चौपाल, उपचुनाव को देखते हुए कर रहे दौरा: डिप्टी सीएम केशव प्रसाद

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को प्रयागराज आ रहे हैं। उनके निजी सचिव वीरेंद्र कुमार की ओर से बताया गया है कि वह पहले मीरजापुर जाएंगे। वहां मझंवा गांव में जाएंगे,



वह आयोजित होने वाले कुछ कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद वह मीरजापुर से प्रयागराज आएंगे। फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में ग्राम चौपाल करेंगे वह स्वयं सहायता समूह व भाजपा से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। दरअसल, फूलपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को देखते हुए वह यहां आ रहे हैं। इसी सीट से वह सबसे ज्यादा वोटों से सांसद चुने गए थे। प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री संजय कुमार निषाद भी प्रयागराज आ रहे हैं। वह यहां पर उच्चाधिकारियों व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठककर समीक्षा भी करेंगे। शाम को वह साउथ मलाका स्थित प्रयाग संगीत समिति सभागार में होने वाली पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में हिस्सा लेंगे। रात में सर्किट हाउस में विश्राम करेंगे। 29 का वह भदोही के लिए रवाना जाएंगे।

## महाकुंभ-2013 में बिना जरूरत ही खरीद लिए थे 9.01 करोड़ के सामान, कार्रवाई की संस्तुति

प्रयागराज। महाकुंभ–2013 के मद्देनजर हुए निर्माण कार्यों एवं खरीदारी में हर स्तर पर गड़बड़ी हुई थी। बिना जरूरत के ही 9.01 करोड़ रुपये के सामान खरीद लिए गए थे, जिनका इस्तेमाल ही नहीं हुआ। सीएजी की रिपोर्ट में इन विसंगतियों की ओर ध्यान दिलाते हुए सुधार एवं आवश्यक कार्रवाई के सुझाव



दिए गए थे। लोक लेखा समिति की बृहस्पतिवार को लखनऊ में हुई बैठक में महाकुंभ–2013 की ऑडिट रिपोर्ट पर चर्चा हुई। इसमें मेला प्रशासन के अलावा संबंधित विभागों के अफसर भी मौजूद रहे। सीएजी ने महाकुंभ–2013 की ऑडिट रिपोर्ट जुलाई–2014 में ही पेश की थी। इसके अनुसार कई स्तर पर खामियां सामने आई थीं। आयोजन में हुए कुल खर्च में केंद्र एवं प्रदेश की हिस्सेदारी पर भी सवाल उठाए गए थे।आयोजन के लिए 1152.20 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे, इसमें से 1017.37 करोड़ खर्च हुए। केंद्र सरकार ने 800 करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन आयोजन के बाद शेष राशि केंद्र सरकार को वापस नहीं की गई। इसका नतीजा रहा कि आयोजन में केंद्र की हिस्सेदारी 99 प्रतिशत हो गई, जिस पर ऑडिट में आपत्ति उठाई गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी वजह से 9.01 करोड़ रुपये फंसे भी रह गए। वहीं, नगर निगम ने सफाई के लिए ठेलियां खरीदी थीं, लेकिन 73 फीसदी का उपयोग ही नहीं हुआ। उपयोग नहीं आने वाली ठेलियों को खुले में रख दिया गया था, जिससे उनमें जंग लग गई, हालांकि सीएजी की आपत्ति के बाद उन्हें शहर की सफाई व्यवस्था में लगाया गया। इसी तरह से 3.61 करोड़ से स्नान घाट तथा 5.11 करोड़ रुपये की लागत से पुलिस छात्रावास का निर्माण कराया गया था, लेकिन उसका भी इस्तेमाल नहीं हुआ था। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार, 57.41 करोड़ से सड़क चौड़ीकरण एवं 46.88 करोड़ रुपये से सुदृढ़ीकरण के काम बिना आवश्यक औचित्य के कराए गए। सीएजी ने टेंडर, राशि आवंटन में नियमों की अनदेखी की बात करते हुए भी आपत्ति दर्ज कराई थी।

## एसटीएफ ने बिशप जॉनसन स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

प्रयागराज। आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल पारुल सोलोमन को बृहस्पतिवार गिरफ्तार कर लिया है। पुख्ता सबूत मिलने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी



एसटीएफ कार्यालय से कई गई है। देर–शाम एसटीएफ ने न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। बीते 11 फरवरी 2024 को समीक्षा अधिकारी–सहायक समीक्षा अध िकारी (आरओ–एआरओ) की परीक्षा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने आयोजित की थी। यह परीक्षा बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल में हुई थी। लेकिन, परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र लीक हो गया और विभिन्न माध्यमों से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जांच एसटीएफ को दी गई। मामले में 21 मार्च को चार अभियुक्तों के साथ म्योराबाद थाना कैंट निवासी अर्पित विनित यशवंत को गिरफ्तार किया गया। आरोपी विशप जॉनशन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज का परीक्षा संबंधी कार्य देखता था। पूछताछ में पता चला था कि पारूल सोलोमन ने ही अभियुक्त अर्पित की नियुक्ति की थी और पूर्व प्रिसिंपल के सहयोग से पेपर लीक किया गया है। इसके बाद एसटीएफ ने पूर्व प्रिसिंपल को कई बार पूछताछ के लिए बुलाया, सहयोग न करने पर उनकी भूमिका और भी पुख्ता हो गई। बृहस्पतिवार को एसटीएफ ने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया तभी टीम ने गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की जांच में पता चला था कि इसमें भोपाल की एक प्रिंटिंग प्रेस की भी भूमिका रही थी। इसके बाद कड़ी दर कड़ी जोड़कर मामले के मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा, सुभाष प्रकाश, विशाल दुबे, सुनील रघुवंशी समेत कुल 16 गिरफ्तारियां की गई। बाद में पता चला था कि परीक्षा के पेपर आरोपियों ने 12–12 लाख रुपये में बेचे थे। विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पूर्व प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की गई है। विवेचना अभी जारी है। अन्य जिन लोगों की संलिप्तता सामने आएगी उनके खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। – लाल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अध ीक्षक, एसटीएफ बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल में प्रिंसिपल पद के लेकर मचे खींचतान के बाद जबरन चार्ज ग्रहण कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्कूल की प्रिंसिपल पारुल सोलोमन चर्चा में आई थीं। वायरल वीडियो में दिख रहा है ।

# 'विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति का आठवाँ स्थापना दिवस तथा हिंदी दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न'

## 'मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 अनुशब्द , हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय मौजूद'

### 'बहुभाषिक कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी भावपूर्ण कविताओं से वाहवाही लूटी'

'हिंदी आपद धर्म की भाषाःडॉ ० अनुशब्द'

असम/ विश्वनाथ, सरू असम राज्य में हिंदी भाषा व साहित्य के प्रचार– प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वैच्छिक हिंदी संस्थान विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति ने संस्थान के सभागार में कल अपना आठवाँ स्थापना दिवस व हिंदी दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। इस मौके पर ष्बहुभाषिक कवि सम्मेलनष् तथा ष्सधारण सभाष् का भी आयोजन किया गयास संस्थान के सचिव संतोष कुमार महतो द्वारा संचालित सभा में संस्थान के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह ने सभा के अध्यक्ष का आसन ग्रहण किया। साथ ही मुख्य अतिथि डॉ ० अनुशब्द, वरिष्ठ सहायक आचार्य, तेजपुर विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि हरि लुइटेल(उपाध्याय ) , वरिष्ठ साहित्यकार, विश्वनाथ और संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष सूर्यनारायण पांडेय मंचासीन हुए। अतिथियों के करकमलों से माँ शारदा के समीप दीप प्रज्ज्वलित किया गया और सूर्यनारायण पांडेय जी द्वारा मांगलिक मंत्रोच्चारण से समारोह



का शुभारंभ हुआ। इसके बाद अतिथियों को फुलाम गामोछा से अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात सचिव संतोष कुमार महतो ने सभा के उद्देश्य की व्याख्या करते हुए संस्थान के आठवें स्थापना दिवस की सभी उपस्थित हिंदी प्रेमियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि आज हमारा संस्थान आठवाँ स्थापना दिवस मनाने के साथ नौवें वर्ष में कदम रख रहा है। हमारे लिए यह गौरव और गर्व का विषय है कि संस्थान ने पिछले आठ वर्षों में बहुत ही गौरवशाली उपलब्धियाँ अर्जित की हैं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।आज यह आयोजन इन्हीं कामयाबियों का जश्न मनाने के लिए तथा भविष्य में और बेहतर करने के लिए चर्चा हेतु किया गया है। साथ ही हिंदी दिवस समारोह का भी पालन करना भी आज के आयोजन का उद्देश्य है।विद्यार्थी प्रदीप पराजुली के साथ कार्यकरी अध्यक्ष सूर्यनारायण पांडे ने गर्मजोशी के साथ स्वागत भाषण दी। इसी क्रम में कवयित्री सैयदा आनोवारा खातुन के नेतृत्व तथा शिक्षिका धरित्री राय बरुआ,प्रदीप पराजुली, रोशनी कुमारी के सहयोग में स्वागत गीत प्रस्तुति हुई। रत्न परीक्षा के विद्यार्थी नेहा कुमारी राय ने ष्भारत की राष्ट्रभाषा और अन्य भाषाओं पर उसका प्रभावष् पर सारगर्भित व्याख्यान दी । सचिव महतो ने समारोह में हिंदी दिवस 2024 के अवसर पर प्रकाशित माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी का संदेश का पाठ किया। इस मौके पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, कार्यकरी अध्यक्ष सूर्यनारायण पांडे को संस्थान के तरफ संस्थान के उपलब्धियां (स्मृतियाँ) से संजोए हुए साझा तस्वीर के श्फोटोफ्रेमश से विशेष सम्मान प्रदान किया गया।साथ ही इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ० अनुशब्द, विशिष्ट अतिथि हरि लुइटेल (उपाध्याय) को विशेष फोटोफ्रेम के साथ माननीय गृहमंत्री जी के हिंदी दिवस 2024 के संदेश, राजभाषा हीरक जयंती विशेषांक और राज्यिक प्रतीक जापी से सम्मानित किया। इस विशेष मौके पर बहुभाषिक कवि सम्मेलन में कवयित्री सैयदा आनोवारा खातुन, चित्रप्रसाद पौडेल, नागेश कुमार गुप्ता, नेहा कुमारी राय, रोशनी कुमारी, वंदना दास, कल्पना पाल, ध् ारित्री राय बरूआ आदि ने अपनी कविता की प्रस्तुति से चार –चाँद लगा दी। सभी कवियों को फुलाम गामोछा तथा सहभागिता प्रमाण पत्र से अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अनुशब्द ने सबसे पहले तो उपस्थित हिंदी सेवियों एवं प्रेमियों को संस्थान के आठवें स्थापना दिवस और हिंदी दिवस के हीरक जयंती वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि असम में हिंदी का लोकवृत्त लगातार व्यापक एवं समृद्ध हो रहा है और यह किसी राजनीतिक दबाववश नहीं बल्कि आम जनता का हिंदी के प्रति अगाध प्रेम और विश्वास से हो रहा है।यहां की जनता ही हिंदी की सेनानी है।यहां के लोग हिंदी के स्वयं सेवक हैं। इसी वजह से आज हिंदी की स्थिति न केवल असम में बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत में निरंतर सुदृढ़ हो रही है। यह स्थिति इस प्रदेश में हिंदी के आयुष्य और भविष्य के प्रति आश्वस्ति है।अपने व्याख्यान में उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हिंदी वैसे तो हमारे जीवन में अनेक भूमिकाओं में है लेकिन सबसे अनूठी बात यह है कि हिंदी आपद धर्म की भाषा है।जहां कहीं भी हमारी मातृभाषा या अन्य भाषाएं संप्रेषण में विफल हो जाती हैं वहां हिंदी ही हमारे प्राणों की रक्षा करती है। विशिष्ट अतिथि हरि लुइटेल ने भी स्थापना दिवस के मौके पर हिंदीतर भाषी प्रदेश के विश्वनाथ में बीते दिन हिंदी व साहित्य के विकास हुए कार्य का सराहना करते हुए समूचा श्रेय संस्थान को दी। उन्होंने कहा यह संस्थान इतने कम वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। इससे पहले विश्वनाथ में हिंदी कार्य कभी भी नहीं हुआ है।भविष्य में यह संस्थान हिंदी भाषा व साहित्य के लिए ओर बहुत सारे योजनाओं में कार्य करे।इसके बाद संस्थान के उन्नति के लिए एक विशेष प्रस्ताव गया, जिसमें अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह ने कहा इस संस्थान को आकर्षित करने के लिए सभागार को सौन्दर्यीकरण किया जाएगा ताकि सभी हिंदी प्रेमी सुव्यवस्थित बैठ सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्यामानंद रौनियार ,संस्थान के साहित्य सचिव मदनगोपाल साहू, आकाश गुप्ता आदि हिंदी प्रेमी को फुलाम गामोछा तथा सहभागिता प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।अंत में सभा के अध्यक्ष व संस्थापक अध् यक्ष प्रभुनाथ सिंह ने उपस्थित महानुभावों को संस्थान की जन्मतिथि की बधाई दी।हमारे संस्थान आपलोगों की परामर्श से ही हिंदी भाषा के विकास के बहुत सारे काम किए और भविष्य में ऐसे ही आपका संस्थान मार्गदर्शन चाहता है। कार्यकरी अध्यक्ष सूर्यनारायण पांडे ने रोचक ढंग से उपस्थित महानुभावों को बारी बारी से आभार प्रकट की। इस गरिमामयी समारोह व सभा का राष्ट्रगान से समापन हुआ।साथ ही जय हिंद, जय हिंदी, भारत माता की जय से सभागार गूँज उठा।

## 'भोपाल शहर समता विचार भोपाल इकाई की काव्यगोष्ठी सम्पन्न'

भोपाल । शहर समता विचार मंच भोपाल इकाई की महिला काव्यगोष्ठी डॉ नीलिमा रंजन की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई ।इस काव्यगोष्ठी की मुख्य आशा श्रीवास्तव विशिष्ट




अतिथि उमा मिश्रा प्रीति सारस्वत अतिथि सरोज लता सोनी स्वागत उद्बोध ान आशा सक्सैना काव्यगोष्ठी का शुभारंभ अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती की मूर्ति में माल्यार्पण अतिथि द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति प्रतिभा द्विवेदी द्वारा की गयी। काव्य गोष्ठी का कुशल संचालन साध ाना शुक्ला ने किया। काव्य गोष्ठी में सभी बहनों ने अपनी सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति द्वारा आयोजन में चार चांद लगा दियें।आशा श्रीवास्तव, सुनीता शर्मासिद्धि , सुधा दुबे , साधना श्रीवास्तव,सुषमा पटेल , सुषमा श्रीवास्तव सरोज दबे सरोज लता सोनी, अनुराधा यादव, चित्रा घोटे,वंदना पाठक सीमा तिवारी, बाला रानी वर्मा ,अर्चना शर्मा मंजू गुप्ता, विमला विश्वकर्मा, रानी सिंगोरिया, अंतमें धन्यवाद ज्ञापन. सुषमा पटेल द्वारा किया गया ।

## राजेश यादव फिर से उरुवा के खंड शिक्षा अधिकारी बने.

प्रयागराज। शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश,प्रयागराज के आदेश के क्रम में एक बार फिर लगभग एक वर्ष बाद आखिरकार विकास खंड उरुवा को स्थाई रूप से खंड शिक्षा अधि ाकारी के रूप में राजेश यादव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शुक्रवार 27 सितंबर 2024 को नवागंतुक बीईओ राजेश यादव ने खंड शिक्षा अधि ाकारी कार्यालय उरुवा पहुँचकर प्रभारी बीईओ कैलाश सिंह से प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवागंतुक बीईओ राजेश यादव ने ब्लॉक के सभी एआरपी व कार्यालय के कर्मचारियों के साथ एक बैठक की। बीईओ ने कहा कि उरुवा ब्लॉक को निपुण बनाना लक्ष्य है। इसके लिए विद्यालयों में पठन–पाठन कार्य की गुणवत्ता को सुधारने के साथ ही शिक्षकों की कार्यशैली व उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा।



## 'सफाई मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर'

### 'प्रयागराज नगर निगम और इंडियन बैंक द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर का आयोजन'

प्रयागराज । आज नगर निगम प्रयागराज के न्यू बिल्डिंग हॉल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा



शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 1000 सफाई मित्रो की स्वास्थ परिक्षण किया गया। 150 लोगो को चश्मा और दवा वितरण किया गया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त सुश्री दीपशिखा पांडेय, नगर स्वस्थ अधिकारी अभिषेक सिंह जी मौजूद रहे।

## अशोक सिंघल की जयंती पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष दिवंगत अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रभु श्री राम एवं राष्ट्रधर्म के परम उपासक, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के शिखर पुरुष, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। योगी ने कहा, ''सनातन हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित रहा आपका जीवन हम सभी के लिए पाथेय है। प्रभु श्री राम एवं राष्ट्रधर्म के परम उपासक, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के शिखर पुरुष, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

## नगर आयुक्त एवं महापौर द्वारा प्रयागराज के नई बिल्डिंग जन सुविधा केन्द्र का निरीक्षण

प्रयागराज सआज नगर निगम, प्रयागराज द्वारा कराये जा रहे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट, एवं अन्य कार्यों के प्ब् ठेंमक मॉनिटरिंग हेतु नगर निगम प्रयागराज में स्थापित एस0डब्लू0एम0 कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण महापौर श्री उमेश चन्द्र गणेष केसरवारी, प्रयागराज एवं नगर आयुक्त श्री चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कन्ट्रोल रूम के माध् यम से नगर क्षेत्र की साफ–सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट एवं अन्य जन सुविध ााओं हेतु कराये जा रहे कार्यों की ऑन लाईन मॉनीटरिंग हेतु स्थापित एस0डब्लू0एम0 कन्ट्रोल रूम में निम्न तकनीकी से मॉनीटरिंग करायी जा रही है।



प्रयागराज नगर निगम अपने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) नियंत्रण कक्ष के माध्यम से शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग कर रहा है। पायलट बेसिस पर एआई–आधारित मॉनीटरिंग सिस्टम विकसित कराया गया है जिससे षहर की साफ सफाई, अतिक्रमण, अवैध विज्ञापन एवं स्ट्रीट लाईट की मॉनीटरिंग करायी जा रही है। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से कचरे के कलेक्षन एवं ट्रान्सपोर्टेषन, कचरा प्रोसेसिंग, माप–तौल, बीट के अनुसार सफाई कार्य, पार्कों के निर्माण एवं साफ–सफाई, षौचालयों की साफ–सफाई, नाला सफाई, विज्ञापन एवं अन्य नागरिक सुविधाएं जो नगर निगम, प्रयागराज द्वारा जनहित में करायी जा रही है की मॉनीटरिंग ऑन लाईन की जा रही है। समस्त पोर्ट स्टेषन एवं नगर निगम के प्रोसेसिंग प्लान्ट पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं। आईसीसीसी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से पोर्ट स्टेशन की सफाई और सड़क सफाई गतिविधियों की निगरानी करायी जा रही हैं। भविष्य की योजनाओं में विज्ञापनों और आवारा जानवरों की निगरानी के लिए इस प्रणाली का विस्तार करना शामिल है। एस0डबलू0एम0 कन्ट्रोल रूम के माध्यम से करायी जा रही ऑन लाइन मॉनीटरिंग से षहर की स्वच्छता में व्यापक सुधार प्राप्त हो रहा है जिसका लाभ महाकुम्भ मेला के दौरान षहर की स्वच्छता बनाये रखने में प्राप्त होगी।

## स्वच्छता ही सेवा है 155 घंटे महा सफाई अभियान

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज ने, Prayagraj Lion Waste Management के साथ Zone- 08, Ward-50 Katka उर्मिला महाविद्यालय के स्नातक विद्यार्थियों के लिए सूखे और गीले कचरे के पृथक्करण पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया' सत्र के दौरान छात्रों को सूखे और गीले कचरे के पृथक्करण के निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शिक्षित किया गया,

'A'

1. पर्यावरण पर अपशिष्ट



का प्रभाव

2. अपशिष्ट प्रबंधन समाध ाान में छात्रों का किस प्रकार योगदान

'B' कचरा पृथक्करण के लाभ :

1.पर्यावरण प्रदूषण में कमी।

2. रीसाइक्लिंग और खाद बनाने की प्रक्रिया आसान।

सत्र के अंत में छात्रों को यह भी बताया गया कि 'ष्कचरा तभी कचरा है जब हम उसे बर्बाद करते हैं । आइए आज से ही अपना काम शुरू करें – अपने कचरे को अलग–अलग करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ मिलकर हम एक स्वच्छ, हरित दुनिया बनाने में योगदान दे सकते हैं।


## अदालती नोटिस

हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप )
**न्यायालय , बअदालत, न्यायाधीश ए.सी.जे.एम. 9 प्रयागराज/ इलाहाबाद**

**परिवाद संख्या 2206** **सन् 2022**

**अंतर्गत धारा 12 घरेलू हिंसाँ से महिला संरक्षण अधिनियम 2005**

**सबाना बानो, पुत्री** स्व0 सजीर अहमद, **उम्र** 25,पत्नी मोहम्मद असरफ पुत्र मुमताज अहमद , **निवासिनी** मकान नंबर 37 बड़ा बघाड़ा, पोस्ट- केवलरी लाइन्स (तेलियरगंज) थाना कर्नलगंज इलाहाबाद ।

**...वादिनी**

**बनाम**

1- **मो. असरफ** पुत्र मुम्ताज अन्सारी (पति) 2- **मुम्ताज अहमद** अंसारी (ससुर) 3- **सुफिया बेगम** (सास) 4- **रोजी** (नन्द ) 5-**फलक** (नन्द) 6- **जैनब** (नन्द) 7- **हमदान** पुत्र आरिफ (भानजा) आदि, समस्त निवासीगण मकान नंबर 106 ए / 199 मोमिनपुर अटाला , थाना खुल्दाबाद जनपद इलाहाबाद/ प्रयागराज

**...प्रतिवादीगण**

चूँकि ऊपर नमोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए **2024 के 09 के 30 दिवस** को 2 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया है।

**पेशी तारीख 30-09-2074**

**न्यायाधीश**



## अदालती नोटिस

**वाद पदों के स्थरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5, नियम 1 और 5 )**
**न्यायालय मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण उत्तरी प्रयागराज**
**प्रतिकर याचिका रु. 788/2018**

**लाल बहादुर** पुत्र राम सुचित निवासी ग्राम मिजूरा थाना हंडिया जिला प्रयागराज

...वादी

**बनाम**

**दीप कमाल आटोमोबाइल्स लिमिटेड**
**धीरूभाई** पुत्र बहादुर भाई दरबार निवासी डी093 भवानी कमनेयर रस्ताबील लक्षना ता कमरेज सूरत 394180

**...प्रतिवादी**

चूंकि याची ने आपके खिलाफ के लिए वाद संस्थित किया है अतएव आपको एतद्द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जोकि सम्यक रूपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हैं या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नो के उत्तर देने में समर्थ हैं । **2024 के 10 के 04 दिवस** को 10:30 बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसंजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय हो।

आपको यह सूचना दी जाती है पूरवर्णित दिवस को आपको उपसंजात चूँक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकला गया ।

**नियत तिथि - 04/10/2024**

**न्यायाधीश**


## एक बेड पर 3 रोगी, डिप्टी सीएम नाराज, लोहिया के निदेशक को लगाई फटकार

लखनऊ, एजेंसी। लोहिया संस्थान के शहीद पथ स्थित मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में बदइंतजामी पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नाराजगी जाहिर की है। एक बेड पर तीन रोगियों को लिटाने का मामला सामने आया है। तीमारदार की शिकायत का संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम ने बदइंतजामी को दूर करने के निर्देश दिए हैं। शहीद पथ स्थित मातृ शिशु–रेफरल हॉस्पिटल में महिलाओं और बच्चों को इलाज उपलब्ध कराया जाता हैं। एक तीमारदार ने हॉस्पिटल में एक बेड पर 3 रोगियों के लिटाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में तीमारदार ने फोटो भी लगाए थे।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए निदेशक को व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि रोगियों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाये। इस तरह की घटनाओं से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। रोगियों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में किसी भी तरह की लापरवाही ठीक नहीं है। पूरे प्रकरण की एक सप्ताह में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रेषित करें।


## अदालती नोटिस

**न्यायालय सिविल जज (कनिष्ठ श्रेणी) गर्वी इलाहाबाद द्वारा निकली गयी उद्घोषणा**

**उत्तराधिकार वाद पत्र संख्या 231** **सन 2024**

**शाकिब फारूकी** उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व रहमत उल्ला निवासी एल आई जी 26 फेज 2 कसारी - मसारी चकई जीटीबी नगर प्रयागराज उत्तर प्रदेश

...वादी

**बनाम**

1- **मो राशिद फ़ारूकी** उम्र 54 वर्ष पुत्र स्व रहमत उल्ला निवासी एल आई जी 26 फेज 2 कसारी - मसारी चकई जीटीबी नगर प्रयागराज उत्तर प्रदेश । 2- **हामिद फ़ारूकी** उम्र 50 वर्ष पुत्र स्व रहमत उल्ला निवासी 431/521 नेबाती टोला चौक कैम्प वेल रोड लखनऊ । 3- **मो रेहान फ़ारूकी** उम्र 45 वर्ष पुत्र स्व रहमत उल्ला निवासी मकान नंबर 100 कैम्प वेल रोड न्यू हैदरगंज सिल्वर सिटि बीटीसी लखनऊ । 4 - **सादाब फ़ारूकी** उम्र 42 वर्ष पुत्र स्व रहमत उल्ला निवासी 431/521 मोमिन नगर नेबाती टोला चौक कैम्प वेल रोड लखनऊ । 5- **श्रीमती फरहाना फ़ारूकी** उम्र 52 वर्ष पुत्र स्व रहमत उल्ला एवं पत्नी मसूद आदिस निवासी 2/112 राजकीय कॉलोनी राय बरेली। 6 - **इरफाना फारूकी** उम्र 46 वर्ष पुत्री स्व रहमत उल्ला एवं पत्नी अज़हर नसीम निवासी 183/141C थाना राजघाट मदरसा चौराहा सौदागर मोहल्ला बसन्तपुर गोरखपुर पोस्ट ऑफिस गीतप्रेस जनपद गोरखपुर । 7 - **श्रीमती सुमाइरा फारूकी** उम्र 39 वर्ष पुत्री स्व रहमत उल्ला पत्नी अकबर यार निवासी 44 पीछे देवा नर्सिंग कटरा अब्दुल गली फ़तेहपुर ।

अपने **पिता मृत स्व रहमत उल्ला** को देय ऋण व प्रतिभूतियों वसूल करने के लिए **प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए सन 1889 ईस्वी के अधिनियम 7 के अधीन मो राशिद फ़ारूकी** उम्र 54 वर्ष पुत्र स्व रहमत उल्ला निवासी एल आई जी 26 फेज 2 कसारी - मसारी चकई जीटीबी नगर प्रयागराज उत्तर प्रदेश का आवेदन के लिए ।

**...प्रतिवादी**

चूंकि याची ने आपके खिलाफ के लिए वाद संस्थित किया है अतएव आपको एतद्द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जोकि सम्यक रूपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हैं या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नो के उत्तर देने में समर्थ हैं । **2024 के 09 के 30 दिवस** को 10:30 बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसंजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय हो।

आपको यह सूचना दी जाती है पूरवर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूँक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकला गया ।

**नियत तिथि - 30/09/2024**

**न्यायाधीश**

## सम्पादकीय.......

### प्रतिभाओं से छल

सुप्रीम कोर्ट की उस तल्ख टिप्पणी के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है जिसमें अदालत ने सख्त लहजे में कहादृ 'पंजाब में एनआरआई कोटे का बिजनेस बंद हो, यह धोखाधड़ी है।' शायद, कोर्ट निर्लज्ज राजनीति पर इससे ज्यादा सख्त टिप्पणी नहीं कर सकता। कोर्ट ने तो यहां तक कह दिया कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में मनमानी कुछ और नहीं सिर्फ पैसा घुमाने की मशीन है। निस्संदेह, मेडिकल कॉलेजों के कर्ताधर्ताओं से मिलीभगत करके एनआरआई की व्यापक परिभाषा का उपयोग आर्थिक लाभ पाने की मंशा से किया जा रहा था। राजनीतिक जिद देखिये कि पंजाब सरकार के इस बाबत जारी अध्यादेश को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट पहले ही रद्द कर चुका है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में मामले को ले जाया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यह फर्जीवाड़ा बंद होना चाहिए। एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को आरक्षण का लाभ देकर मेधावी छात्रों के भविष्य पर कुठाराघात किया जाता। जिसकी अनुमति किसी भी सूरत में नहीं दी जा सकी। इस कदम से एनआरआई कोटे का मूल मकसद ही समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बैंच में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्र शामिल थे। मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये संशोधन का प्रयास प्रॉस्पेक्टस जारी होने के बाद किया गया, जो सरकार की नीयत–नीति पर सवाल पैदा करता है। अदालत का मानना था कि एनआरआई कोटे का मूल मकसद एनआरआई व उनके बच्चों को लाभ पहुंचाना था। जिससे उन्हें भारत में मेडिकल शिक्षा पाने का मौका मिल सके। सरकार की हालिया पहल नीति के मूलभूत उद्देश्य को बाधित करती है। तभी शीर्ष अदालत ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के अध्यादेश पर रोक लगाने के फैसले को उचित ठहराया। निस्संदेह, यदि सरकार अपने मकसद में कामयाब हो जाती तो नीट परीक्षा में कई गुना अधिक नंबर हासिल करने वाले छात्र मेडिकल कालेजों में दाखिला पाने से वंचित हो जाते। निस्संदेह, राज्य सरकार की ऐसी कोशिशों से उन मेधावी छात्रों के साथ अन्याय होता, जो सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। ये कोशिश नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध होती। फिर यह डॉक्टरी जैसे गंभीर संवेदनशील पेशे के लिये भी घातक होता कि अयोग्य लोग मरीजों का उपचार करने के अधिकारी बन जाते। यानी हम समाज में अयोग्य डॉक्टरों को उपचार करने की अनुमति देते। जो दूसरे शब्दों में नीम–हकीम खतराये जान वाली कहावत को चरितार्थ करता। फिर जो लोग लाखों–करोड़ की फीस देकर डॉक्टरी की डिग्री हासिल करते, वे चिकित्सा पेशे में सेवा के पवित्र मकसद के बजाय मुनाफे के मेवे पर ध्यान केंद्रित करते। जो समाज में लगातार महंगे होते उपचार को बढ़ावा देने वाला ही होता। इसी तरह चिकित्सा के पेशे में आने वाले तमाम मेधावी छात्रों के साथ भी यह अन्याय होता। यह विडंबना है ही कि देश में चिकित्सा की पढ़ाई लगातार महंगी होती जा रही है। सामान्य परिवारों के लिये चिकित्सा शिक्षा हासिल करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। इस संकट को निजी मेडिकल कालेजों की मुनाफाखोरी ने बढ़ावा ही दिया है। जिस देश में पहले ही आबादी के मुकाबले डॉक्टरों की संख्या विश्व मानकों के अनुपात में कम है,वहां महंगी होती मेडिकल शिक्षा स्थिति को और विकट ही बनाएगी। बहुत संभव है कि एनआरआई कोटे से शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों की प्राथमिकता देश के बजाय विदेश में प्रेक्टिस करने की होती। ऐसे मामलों में केंद्र सरकार को पूरे देश में एनआरआई कोटे के आरक्षण के मानकों में एकरूपता लानी चाहिए जिससे किसी राज्य विशेष की प्रतिभाओं के साथ होने वाले अन्याय को रोका जा सके। कम से कम किसी मेधावी छात्र को मोटी फीस न दे पाने की वजह से चिकित्सा शिक्षा हासिल करने के अधिकार से वंचित न होना पड़े। हाल के वर्षों में राजग सरकार ने देश में बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा की थी। जरूरत इस बात की है कि गुणवत्ता वाली मेडिकल शिक्षा को मूर्त रूप देने की पहल शीघ्रता से की जाए। जिससे लाखों छात्रों के डॉक्टर बनने के सपने को पूरा किया जा सके।

# महत्वपूर्ण और लोकप्रिय मिशन है स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत अभियान भारत में हुए सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय मिशनों में से एक है। स्वच्छ भारत अभियान का मतलब स्वच्छ भारत मिशन है। यह अभियान भारत के सभी शहरों और कस्बों को स्वच्छ बनाने के लिए तैयार किया गया। यह अभियान भारत सरकार द्वारा प्रशासित किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया। इसे महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण का सम्मान करने के लिए 2 अक्टूबर को लॉन्च किया गया। स्वच्छ भारत अभियान का स्वच्छता अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाया गया और इसमें ग्रामीण और शहरी सभी कस्बों को शामिल किया गया। इसने लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने में एक बड़ी पहल के रूप में काम किया।महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने "स्वच्छ भारत" का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए सफाई करने की दिशा में प्रतिवर्ष 100 घंटे के श्रमदान के लिए लोगों को प्रेरित करता है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मृदुला सिन्हा, सचिन तेंदुलकर, बाबा रामदेव, शशि थरूर, अनिल अम्बानी, कमल हसन, सलमान खान, प्रियंका चोपड़ा और तारक मेहता का उल्टा चश्मा की टीम जैसी नौ नामचीन हस्तियों को आमंत्रित किया गया कि वह भी स्वच्छ भारत अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें, इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करें और अन्य नौ लोगों को भी अपने साथ जोड़ें, ताकि यह एक श्रृंखला बन जाएं।

स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्य स्वच्छ भारत अभियान ने हासिल करने के लिए कई लक्ष्य निधारित किए ताकि भारत स्वच्छ और बेहतर बन सके। साथ ही, इसमें न केवल सफाईकर्मियों बल्कि देश के सभी नागरिकों से अपील की गई है। इससे संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने में मदद मिली। इसका लक्ष्य सभी घरों के लिए स्वच्छता सुविधाओं का निर्माण करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे आम समस्याओं में से एक खुले में शौच की है। स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य इसे खत्म करना है।इसके अलावा, भारत सरकार का इरादा सभी नागरिकों को हैंडपंप, उचित जल निकासी व्यवस्था , स्नान सुविधा और बहुत कुछ प्रदान करने का है। इससे नागरिकों में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा ।इसी प्रकार वे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति भी जागरूक करना चाहते थे। उसके बाद, एक प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को सोच–समझकर कचरे का निपटान करना सिखाना था। भारत को स्वच्छ भारत अभियान की आवश्यकता क्यों है? भारत को गंदगी दूर करने के लिए स्वच्छ भारत अभियान जैसे स्वच्छता अभियान की सख्त जरूरत है। यह स्वास्थ्य और कल्याण की दृष्टि से नागरिकों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। चूंकि भारत की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, इसलिए यह एक बड़ी समस्या है।आमतौर पर इन इलाकों में लोगों के पास शौचालय की उचित सुविधा नहीं होती है। वे मल त्यागने के लिए खेतों या सड़कों पर चले जाते हैं। यह प्रथा नागरिकों के लिए स्वच्छता संबंधी बहुत सारी समस्याएँ पैदा करती है। इसलिए, यह स्वच्छ भारत मिशन इन लोगों की जीवन स्थितियों को बेहतर बनाने में बहुत मददगार हो सकता है। दूसरे शब्दों में, स्वच्छ भारत अभियान उचित अपशिष्ट प्रबंधन में भी मदद करेगा । जब हम कचरे का सही ढंग से निपटान करेंगे और कचरे का पुनर्चक्रण करेंगे, तो इससे देश का विकास होगा। चूंकि इसका मुख्य फोकस एक ग्रामीण क्षेत्र है, इसलिए इसके माध्यम से ग्रामीण नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाया जाएगा।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अपने उद्देश्यों के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है। भारत दुनिया के सबसे गंदे देशों में से एक है और यह मिशन इस परिदृश्य को बदल सकता है। इसलिए, भारत को इसे हासिल करने के लिए स्वच्छ भारत अभियान जैसे स्वच्छता अभियान की आवश्यकता है।संक्षेप में, स्वच्छ भारत अभियान भारत को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए एक शानदार शुरुआत है। यदि सभी नागरिक एक साथ आ सकें और इस अभियान में भाग ले सकें, तो भारत जल्द ही समृद्ध होगा। इसके अलावा, जब भारत की स्वच्छता की स्थिति में सुधार होगा, तो हम सभी को समान रूप से लाभ होगा। भारत में हर साल अधिक पर्यटक आएंगे और नागरिकों के लिए एक खुशहाल और स्वच्छ वातावरण तैयार होगा। स्वच्छता के लाभदृ स्वच्छता का सीधा सम्बन्ध हमारी सभ्यता एवं स्वास्थ्य से है। खानदृपान में स्वच्छता रहने से शरीर स्वस्थ रहता है। घरों के आसपास, सड़कों, नालियों, पोखरों, नदियों आदि में गन्दगी न फैलने से सारा वातावरण स्वच्छ रहता है। इससे रोगाणु नहीं पनपते हैं, अनेक तरह के रोग नहीं फैलते हैं, जल एवं वायु में शुद्धता रहती है। फलस्वरूप मानव तथा अन्य प्राणियों की आयु एवं स्वास्थ्य का स्तर सुधर जाता है। हमारे देश में गन्दगी न रहे तो विदेशी पर्यटक अधिक आ सकते हैं। इससे अनेक तरह के लाभ हो सकते हैं। स्वच्छता : हमारा योगदानदृ हमें अपने देश को स्वच्छ बनाये रखने के लिए घर से लेकर सार्वजनिक स्थानों तक सर्वत्र स्वच्छ रखना चाहिए। खुले में शौच नहीं करना चाहिए, गन्दगी नहीं फैलानी चाहिए, पेयजल को स्वच्छ रखना चाहिए। प्रायरू लोग कूड़ादृकचरा इधरदृउधर बिखेर देते हैं, खुले में मलदृमूत्र का त्याग करते हैं तथा पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं, परन्तु हमें स्वयं ऐसा नहीं करना चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकना चाहिए। इसमें परस्पर सहयोग एवं सहभागिता का प्रयास जरूरी है।

स्वच्छ और हरित भारत स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक–से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ भारत के निर्माण एवं देश की छवि सुधारने का यह सही समय एवं अवसर है। यह अभियान न केवल नागरिकों को स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने बल्कि हमारे देश की छवि स्वच्छता के लिए तत्परता से काम कर रहे देश के रूप में बनाने में भी मदद कर रहा है। स्वच्छता मानवदृसभ्यता का एक श्रेष्ठ संस्कार है। स्वच्छता से समस्त पर्यावरण को स्वच्छ रखने की चेतना बढ़ती है। भारत में स्वच्छता अभियान एक अच्छी योजना है। सुनागरिक होने के नाते हमें स्वच्छता के प्रचारदृप्रसार में योगदान देना चाहिए। समृद्धि अर्थात्‌ लक्ष्मी का निवास भी स्वच्छता में ही माना जाता है एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी मन की निर्मलता का होना परम आवश्यक है गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा है–षनिर्मल मन ही सो मोहे पावा मोहे कपट छल छिद्र न भावा।ष्अतः यह ष्स्वच्छ भारत अभियान ष्एक कदम स्वच्छता की ओर किया गया एक प्रयास है ताकि हम भारतीय न केवल आर्थिक वरन् आध्यात्मिक उन्नति को भी प्राप्त करें ।

डॉ.खुशबू राठी रतलाम (म.प्र.)

# कथा भंगास्वन की

कथा सुनाता भंगास्वन की , जो थे एक महान् नृपति। पुत्रहीन चिन्तित रहते थे , संतति बिना नहीं सद्गति ।महाबली राजर्षि ने किया , अग्निष्टुत यज्ञायोजन । नहीं महत्त्व इन्द्र का इसमें , हुए कुपित पाकशासन । नृप में कोई दोष नहीं था , जिससे उन पर करते वार । एक दिवस राजा जब निकले करने को वन में शिकार । मोहग्रस्त कर दिए नृपति को , एकाकी नृप हुए भ्रान्त । भूख–प्यास– पीड़ित भंगास्वन , तृष्णा–विकल हुए अविक्लान्त । दीख पड़ा वन में जलपूरित , एक सरोवर अति सुन्दर । पिला नीर , नहला घोड़े को , स्वयं घुसे जल के अन्दर । करते ही मज्जन तड़ाग में , राजा बने रुचिर नारी । हो सलज्ज , चिन्तातुर होकर , सोचे संकट है भारी । कैसे अपने राज्य में जाऊँ , अपने घोड़े पर चढ़कर । पुत्र प्राप्त यज्ञ से सौ हैं , औरस औश बलवान् प्रखर । ऋषि–वर्णित नारी के गुण हैं , मृदुता , कृशता , व्याकुलता । पुरुषों के बल–पौरुष हैं गुण , नहीं रही वह गुणवत्ता । करके जतन नगर में पहुँचे , देख पुत्र–पत्नी सब जन । हुए अतीव चकित विस्मय से , हुआ उदास सभी का मन । राजा ने निज कथा सुनायी , जंगल में जो हुई व्यथा । राज–पाट सौंपे पुत्रों को , राजमोह थोड़ा भी न था । समझाये पुत्रों को अपने , तुम सब मिल–जुल राज करो । रहना सदा प्रेम से तुम सब , हो प्रसन्न मन , धीर धरो । खेल समझकर इसे नियति का , मैं जाऊँगा अब वन में । मेरी चिन्ता तनिक न करना , मत करना विषाद मन में । स्त्रीरूप नरेश पहुँच वन , रहे तपस्वी–आश्रम में । जन्मे उनसे वहाँ पुत्र शत , माता बने , न थे भ्रम में । लेकर उन सौ पुत्रों को वे , पहुँचे अपने राज्य–नगर । बतलाये अपने पुत्रों को , ये भी उनके भ्रातृ अवर । मैं हूँ पिता यथा तुम सौ का , तथैव माता इन सौ की । मिल–जुल रहना सभी प्रेम से , भ्रातृ–भावना हो सब की । देख प्रेम–भाव पुत्रों में , इन्द्र पुनः हो गये कुपित । बदला मेरा हुआ न पूरा , हुआ नृपति का नहीं अहित । पुनः रूप ब्राह्मण का धारण, करके पहुँचे इन्द्र वहाँ । भाई सभी प्रेम से रहते , दो सौ होकर एक जहाँ । इन्द्र ने कहा एक पिता के , पुत्र परस्पर लड़ते हैं । देवासुर सन्तति कश्यप के , प्रेम से नहीं रहते हैं । तुम सन्तानें नृप–तापस की , राज्य नृपति का है केवल । भोग रहे तापस–आत्मज भी , राजकुमारों से है छल । पड़ी फूट पुत्रों में जब , वे लड़ने लगे परस्पर ही । हुआ संहार दोनों पक्षों का , गिरा वज्र उन सब पर ही । यह सुनकर हो दुखी तापसी , करने लगी विलाप करुण । इन्द्र वहाँ पर भी जा पहुँचे , उन्हें सुनायी कथा करुण । इन्द्र चाहते थे दुख देना , पूरा उनका स्वप्न हुआ । बहुत काल उपरान्त सफल अब , जाकर कुटिल प्रयत्न हुआ । बोले इन्द्र नृपति थी जब तुम , तुमने मेरा अपमान किया । मेरा वैर सदा है जिससे , उस यज्ञ का अनुष्ठान किया । देख इन्द्र को स्त्रीरूपिणी , राजा ने की क्षमा–याचना । हुए प्रसन्न, बोले वर माँगो , जो भी हो तुम्हारी कामना । स्त्री होकर जायी जिनको , या पुरुष रूप में जन्म दिये । कौन पुत्र जीवित हो जायें , स्नेह अधिक है किनके लिए । तपस्विनी ने दी वरीयता उनको , जिनकी माता थी । विस्मित हुए इन्द्र यह सुनकर , द्वेष–प्रेम की गाथा थी । कारण पूछा देवराज ने , वात्सल्य कह उठा माता का । स्नेह पुत्र के प्रति होता है , अधिक पिता से माता का । सत्य वचन सुन माता–मुख से , इन्द्र अतीव प्रसन्न हुए । बोले – सत्यवादिनी हो तुम , जीवित सारे सुवन हुए । बोले इन्द्र दूसरा वर भी , माँगो जिसकी हो इच्छा । पुरुष रूप या स्त्रीरूप में , किसमें रहने की इच्छा । स्त्रीरूप में ही रहने का , तब राजा ने वर माँगा । जीवन में अनुभूत सत्य से , उसके मन का भ्रम भागा । बोली – सुरपति हर प्रकार से , जो सुख नारी पाती है । वह सुख पुरुष नहीं पा सकता , करुणा उसकी थाती है ।

. डॉ वीरेंद्र तिवारी प्रयागराज

# सवालों के घेरे में दो एनकाउंटर

उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हुए दो एनकाउंटर सवालों के घेरे में इसलिये आ गये हैं क्योंकि दोनों को लेकर गहरा शक किया जा रहा है कि ये फर्जी हैं। कुछ आगे–पीछे हुए ये दोनों एनकाउंटर जिस तरीके से हुए हैं वे दोनों ही गहन जांच की जरूरत बतलाते हैं– चाहे वे दो अलग–अलग राज्यों में ही क्यों न हुए हों। संयोग यह भी है कि दोनों ऐसे राज्य हैं जहां एनकाउंटर संस्कृति पनपती रही हैं और दोनों राज्यों में इसका लम्बा इतिहास रहा है। उप्र के सुलतानपुर में हुई डकैती कांड मामले में अनुज प्रताप सिंह का एनकाउंटर हुआ है। वहीं महाराष्ट्र में अक्षय शिंदे नामक उस शख्स का एनकाउंटर हुआ है जिस पर बदलापुर के एक स्कूल में मासूम बच्चियों के साथ यौन शोषण का आरोप था। उसे तलोजा जेल से ले जाया जा रहा था। पुलिस का दावा है कि उसने पुलिस की गाड़ी में एक पुलिस इंस्पेक्टर से रिवाल्वर छीन ली और उन पर फायरिंग कर दी। इसमें तीन पुलिस वाले घायल हो गये। उसे नियंत्रित करने के लिये पुलिस को भी जवाबी फायरिंग करनी पड़ी जिससे वह मारा गया। दोनों ही एनकाउंटर कई कारणों से संदिग्ध माने जा रहे हैं। संयोगवश, दोनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जिनका एनकाउंटरों के प्रति अनुराग सर्वज्ञात है। सांसद एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त को सुलतानपुर के ठठेरी बाजार में भरत सोनी की ज्वेलरी शॉप में 5 लोगों ने डकैती की थी जिनमें अनुज भी शामिल था। यह ईनामी बदमाश था जिस पर एक लाख रुपये का पारितोषिक घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार अनुज एवं उसका एक साथी उन्नाव जिले के अचलगंज इलाके से जा रहे थे। लखनऊ एसटीएफ को इसकी सूचना मिली थी। इस मुठभेड़ में अनुज मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल अनुज को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। वैसे बता दें कि इसके पहले इसी डकैती में शामिल दो और लोगों के साथ एसटीएफ की मुठभेड़ हुई थी। उसमें मंगेश यादव नामक आरोपी की मौत हो गयी थी। एक और आरोपी अजय यादव के पैर में गोली लगी थी जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मंगेश के एनकाउंटर पर भी अखिलेश ने सवाल उठाये थे। दूसरी ओर महाराष्ट्र में हुए एनकाउंटर की निंदा नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले समेत कई नेताओं ने करते हुए इस पर गहन संदेह व्यक्त किया है। सुप्रिया के अनुसार प्रदेश में कानून–व्यवस्था का पूरी तरह से ठप हो जाना ही यह एनकाउंटर दर्शाता है। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने इसे प्रदेश के लिये काला दिन निरूपित किया है। उन्होंने कहा है कि अब उन्हें यकीन नहीं रह गया है कि इस कांड के सही आरोपियों तक कभी भी पुलिस पहुंच पायेगी। शिवसेना उद्धव गुट के आदित्य ठाकरेने भी इसी तरह के आरोप लगाये हैं। पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने पूछा है ।

# शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

**प्रह्लाद सबनानी**

आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। "एशिया पावर इंडेक्स 2024" नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है। उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर "क्वाड" के सदस्य देश हैं – अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ोसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं। भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है। दक्षिण एशिया के देशों में चीन अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है इसलिए भारत का पूरा ध्यान इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम कर अपने प्रभाव को बढ़ाना है।



# कंगना रनौत

## के विवादित बयान- संयोग या प्रयोग ? उठ रहे सवाल

> "कंगना रनौत ने केंद्र सरकार द्वारा निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों की वापसी की मांग कर दी। वह इसके बाद एक बार फिर से विवादों में आ गईं। ऐसे में कंगना का यह बयान भी वैसा ही था जैसा कि वह पूर्व में अपने बयानों के जरिए विवाद पैदा करती रही हैं। ऐसे में कंगना के इस तरह के बयान उनकी राजनीतिक सोच को लेकर सवाल खड़े करती है।

सिनेमा के पर्दे से संसद के गलियारे में कदम रखने वाली अभिनेता से नेता बनीं लोकसभा सांसद कंगना रनौत ने केंद्र सरकार द्वारा निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों की वापसी की मांग कर दी। वह इसके बाद एक बार फिर से विवादों में आ गईं। ऐसे में कंगना का यह बयान भी वैसा ही था जैसा कि वह पूर्व में अपने बयानों के जरिए विवाद पैदा करती रही हैं। ऐसे में कंगना के इस तरह के बयान उनकी राजनीतिक सोच को लेकर सवाल खड़े करती है। अब राजनीति के जानकार भी यह सोचना लगे हैं कि क्या कंगना का ऐसा व्यवहार और इस तरह की विवादित बयानबाजी महज संयोग है, या यह सोची–समझी रणनीति का हिस्सा है? कंगना के कृषि कानूनों को वापस लाओ वाली टिप्पणी पर उनकी ही पार्टी की तरफ से तत्काल प्रतिक्रिया भी आई। पार्टी ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से दूरी बना ली और इस बात पर जोर दिया कि वह पार्टी की प्रवक्ता नहीं हैं और ना ही वह पार्टी के विचारों को रखने के लिए अधिकृत हैं। दरअसल हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल दमखम लगा रहे हैं और यहां भाजपा की सरकार है और वह भी एक बार फिर से प्रदेश की सत्ता में वापसी के लिए मैदान में है। ऐसे में यह घटना विशेष रूप से यहां के लिए संवेदनशील है, जहां किसान चुनावी शक्ति रखते हैं। ऐसे में कंगना के बयान पर जिस तरह से भाजपा की त्वरित प्रतिक्रिया आई उससे साफ पता चल गया कि वह विवादास्पद कृषि कानूनों को लेकर कोई बवाल नहीं चाहती है जिससे की पार्टी की छवि को चुनाव के दौरान कोई नुकसान पहुंचे। पार्टी की प्रतिक्रिया आने के बाद कंगना रनौत ने भी सार्वजनिक तौर पर इस बयान के लिए माफी मांगते हुए कहा, मैं अपने शब्द वापस लेती हूं। मतलब साफ है की कंगना के द्वारा यह माफी मांगना साबित करता है कि उन्हें अपनी पार्टी से इसके लिए दबाव मिला है। दरअसल किसान आंदोलन के दौरान रिहाना और ग्रेटा थनबर्ग जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों की आलोचना से लेकर राहुल गांधी की विरासत को खारिज करने तक, कंगना की टिप्पणियां अक्सर बवाल मचाती रही हैं। ऐसे में कंगना की इस तरह की बयानबाजी को लेकर यह सवाल जरूर उठते रहे हैं कि क्या ये बयान उनकी अपनी सोच की उपज है या वह अपनी पार्टी के एजेंडे को लेकर प्रतिक्रिया जानने के उद्देश्य से ऐसा करती हैं और यह उनकी रणनीति का हिस्सा है। कंगना के विवादास्पद बयानों की टाइमलाइन देखिए तो पता चलेगा कि उनके बयान अक्सर महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं के समय से मेल खाते हैं। ऐसा लगता है कि वह इन मुद्दों पर जनता की भावना को देखना या राष्ट्रवादी विषयों से जुड़े मुद्दों पर समर्थन जुटाना चाहती हैं। यह पहली बार नहीं है, जब कंगना रनौत ने किसानों से जुड़े मुद्दे को लेकर विवादित टिप्पणी की हो। इसके पहले भी उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान धरने में बैठी महिलाओं पर 100–100 रुपये लेकर प्रदर्शन में बैठने का आरोप लगाया था। जिसके बाद काफी बवाल मचा था। इसके साथ ही कंगना रनौत देश के किसानों की तुलना आतंकवादी से करके बुरी तरह से फंस चुकी हैं। पिछले महीने ही कंगना रनौत के एक बयान ने उस वक्त विवाद खड़ा कर दिया था जब उन्होंने कहा था कि किसान आंदोलन के जरिए भारत में बांग्लादेश जैसी साजिश रची जा रही थी। एक्ट्रेस ने कहा था कि पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में जो हुआ वह भारत में होते हुए भी देर नहीं लगेगी। भाजपा ने उनके इस तरह के बयान पर नाराजगी भी जताई थी और इस पर जबाव भी मांगा था। 5 अक्टूबर को हरियाणा में विधानसभा के चुनाव होने हैं। हरियाणा में किसान वोटर्स की संख्या अच्छी खासी है। ऐसे में विधानसभा चुनाव में किसान किसी भी पार्टी सरकार बनाने में अहम माने जाते हैं। फिलहाल 10 साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार यहां है और किसानों का मुद्दा वह बार–बार उठा रही हैं। ऐसे में भाजपा कंगना के इन बयानों को लेकर राज्य में किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहती है। हालांकि हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले कंगना रनौत किसानों को लेकर विवादित बयान क्यों दे रही हैं इसको लेकर जरूर सवाल किए जा रहे हैं और लोग यह जानना चाह रहे हैं कि उनका बयान संयोग है या फिर प्रयोग? क्या कंगना रनौत के जरिए पार्टी ऐसे विवादित मसलों पर सियासी दलों का मूड भांपना चाह रही है, या फिर अभिनेत्री कंगना रनौत भाजपा में किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है।





## पेरिस फैशन वीक में एक्ट्रेस सोनम कपूर ने दिखाया जलवा, बहन रिया कपूर को दिया क्रेडिट

अभिनेत्री सोनम कपूर हमेशा इंटरनेशनल फैशन वीक में अपने लुक के लिए जानी जाती हैं। इस बार उन्होंने पेरिस फैशन वीक 2024 में डायर स्प्रिंग–समर में ऐसा लुक बनाया कि वह अपने फैंस के बीच आकर्षण का केंद्र बन गईं। इसके लिए उन्होंने अपनी बहन रिया कपूर को श्रेय दिया है। उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर कर बताया कि उनकी बहन रिया ने उन्हें पूरी तरह से तैयार किया है।सोनम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह इस शानदार कार्यक्रम के लिए सजती–संवरती नजर आ रही हैं। फैशन शो में सोनम ने अपने डार्क साइड को दिखाया, उन्होंने कोर्सेट के साथ एक काले रंग की सूती लंबी ड्रेस पहनी थी। इसके साथ ही उन्होंने पफ्ड स्लीव्स वाली एक बड़ी शर्ट पहनी थी, जिस पर गोल्ड बटन लगे थे। उन्होंने अपने लुक को फ्लोरल क्रॉस–स्टिच कढ़ाई वाले काले ट्रेंच कोट के साथ पूरा किया। उन्होंने इस ड्रेस को घुटनों तक लम्बे काले चमड़े के जूतों और सेप्टम रिंग के साथ पहना। अभिनेत्री ने फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की सहायक निर्देशक के रूप में फिल्म ब्लैक से अपना करियर शुरू किया। उन्होंने 2007 में रणबीर कपूर के साथ रोमांटिक ड्रामा सांवरिया से कैमरे के सामने अपनी शुरुआत की। यह फिल्म फ्योदोर दोस्तोवस्की की 1848 की लघु कहानी 'व्हाइट नाइट्स' पर आधारित थी। अपने डेब्यू के बाद सोनम ने 'दिल्ली–6', 'आई हेट लव स्टोरीज', 'मौसम', 'रांझणा' और 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी फिल्मों में काम किया। राम माधवानी द्वारा निर्देशित 2016 की बायोग्राफिकल फिल्म 'नीरजा' में उनके काम के बाद उन्हें प्रशंसा मिली। इसके बाद उन्हें पैडमैन, वीरे दी वेडिंग, एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा, संजू और ब्लाइंड जैसी फिल्मों में देखा गया।

# प्रीति जिंटा

## ने पोस्ट की खरगोश के साथ दिल छू लेने वाली तस्वीर





अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने बुधवार को अपनी मां और एक प्यारे से छोटे खरगोश के साथ एक मनमोहक सेल्फी पोस्ट कर अपने प्रशंसकों का दिन बेहतरीन बना दिया। प्रीति ने अपनी मां और एक प्यारे खरगोश के साथ एक दिल को छू लेने वाली सेल्फी लेकर अपने 12 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स को खुश कर दिया। पेटिंग जू में मौज–मस्ती के दौरान ली गई इस तस्वीर को उन्होंने इस कैप्शन के साथ शेयर किया, जब बच्चे इधर–उधर भाग रहे थे, तब मां और मैं इस छोटे खरगोश के साथ एक सेल्फी लेने में कामयाब रहे... पेंटिंग जू में प्यार फैलाते हुए। रुमॉम रुवीकेंड रुटिंग। उन्होंने आगे लिखा, यह पोस्ट परिवार के साथ बिताए जाने वाले समय की खुशी और उन छोटे–छोटे पलों को खूबसूरती से दिखाते हुए हमें एक साथ लाते हैं। निजी जीवन की बात करें तो अभिनेत्री ने 29 फरवरी 2016 को लॉस एंजिल्स में एक निजी समारोह में जीन गुडइनफ से शादी की। 2021 में, वे सरोगेसी के माध्यम से जुड़वा बच्चों को जन्म देकर माता–पिता बने। उनके बच्चों का नाम जय और जिया है। बता दें कि प्रीति ने 1998 में रोमांटिक थ्रिलर फिल्म दिल से... में सहायक भूमिका के साथ अपने करियर की शुरुआत की। मणिरत्नम द्वारा सह–लिखित और निर्देशित, असम में उग्रवाद की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में शाहरुख खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने व्यावसायिक रूप से सफल थ्रिलर फिल्म सोल्जर में अभिनय किया। अब्बास–मस्तान द्वारा निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर में बॉबी देओल, राखी गुलजार, फरीदा जलाल, सुरेश ओबेरॉय, दलीप ताहिल, शरत सक्सेना, सलीम गौस और आशीष विद्यार्थी शामिल थे। प्रीति संघर्ष, क्या कहना, हर दिल जो प्यार करेगा, मिशन कश्मीर, चोरी–चोरी चुपके चुपके, द हीरो लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। उन्हें राकेश रोशन द्वारा निर्देशित और निर्मित 2003 की साइंस फिक्शन फिल्म कोई मिल गया में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। इसमें ऋतिक रोशन, प्रीति और रेखा ने अभिनय किया है। वह निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित 2003 की रोमांटिक फिल्म श्कल हो ना होश में दिखाई दी। इस फिल्म में जया बच्चन, शाहरुख खान और सैफ अली खान ने अभिनय किया था। प्रीति ने यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित और निर्मित 2004 की महाकाव्य रोमांटिक फिल्म वीर–जारा में मुख्य भूमिका निभाई। इसमें शाहरुख खान ने वीर और प्रीति ने जारा हयात खान की भूमिका निभाई। उनकी अगली फिल्म लाहौर 1947 है। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं।

## 'आफ्टर मिडनाइट' पर एपी ढिल्लों ने कहा, मैं ऐसा म्यूजिक वीडियो बनाना चाहता था, जो दर्शकों के दिल तक जाए

अपने नए पंजाबी रॉक सिंगल आफ्टर मिडनाइट को लेकर पंजाबी म्यूजिक सनसनी एपी ढिल्लों ने कहा कि वह एक ऐसा म्यूजिक वीडियो बनाना चाहते थे, जिससे दर्शक दिल से जुड़ सकें। पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों ने एक बयान में कहा, इस वीडियो को निर्देशित करने और संपादित करने का अनुभव अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा। हरियाणा



के एक गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित यह वीडियो ड्रामा और भावनाओं से भरा है, क्योंकि यह दिल टूटने और चाहत की गहराइयों में डूब जाता है। उन्होंने कहा, मैं एक ऐसा म्यूजिक वीडियो बनाना चाहता था जो एक ऐसी कहानी बताए, जो लोगों से जुड़ी हो। मेरा मानना है कि संगीत में लोगों को गहरे स्तर पर जोड़ने की शक्ति है। मुझे उम्मीद है कि आफ्टर मिडनाइट दर्शकों को पसंद आएगा और उन्हें समझने में मदद करेगा। ढिल्लों द्वारा निर्देशित और संपादित इस शानदार म्ध्यूजिक वीडियो में एक मामूली दुकानदार की प्रेम कहानी दिखाई गई है, जिसे गायक ने शानदार ढंग से स्क्रीन पर उतारा है। वीडियो में नायक की भावनात्मक यात्रा को दिखाया गया है, क्योंकि वह एक असफल रिश्ते के बाद के जूझता है। 'आफ्टर मिडनाइट' उनके नए ईपी, 'द ब्राउनप्रिंट' से है।ढिल्लों ने 2019 में अपने स्वतंत्र लेबल रन–अप रिकॉर्ड्स के तहत शिंदा कहलों के साथ ष्फेकष नामक ट्रैक के साथ संगीत में अपनी यात्रा शुरू की। इसके बाद गुरिंदर गिल और शिंदा कहलों द्वारा गाए गए गीत ष्फरारष में नजर आए। निर्माता गमिनक्सर के साथ उनका एकल ष्डेडलीष्ने यूके एशियाई चार्ट में जगह बनाई और 2020 में 11 वें स्थान पर पहुंच गया। यह गीत यूके पंजाबी चार्ट में शीर्ष 5 में प्रवेश कर गया। गुरिंदर गिल गमिनक्सर और शिंदा काहलों, नव, सिद्धू मूसेवाला, मनी मुसिक, अनमोल दलवानी और स्टील बैंग्लज के साथ उनका गाना श्ब्राउन मुंडेश एक वैश्विक ट्रैक बन गया, जिससे उन्हें तुरंत प्रसिद्धि मिली। 2021 में एपी ढिल्लों और उनकी टीम ने ओवर द टॉप – द टेकओवर टूर के तहत पहली बार भारत के 6 प्रमुख शहरों में लाइव कॉन्सर्ट किया। वह अपने हिट गाने समर हाई के साथ एडमोंटन कनाडा में 2023 जूनो अवार्ड्स में प्रदर्शन करने वाले पहले पंजाबी भाषा के कलाकार थे।




## आई एम जादूगर' के म्यूजिक वीडियो पर खुलकर बोलीं फरीदा जलाल

हाल ही में रिलीज हुए ट्रैक 'आई एम जादूगर' के म्यूजिक वीडियो में नजर आने वाली दिग्गज अभिनेत्री फरीदा जलाल ने शेयर किया है कि यह ट्रैक असंभव चीजों पर विश्वास करने और उन्हें हासिल करने के बारे में है। अलिफ (मोहम्मद मुनीम नजीर) द्वारा गाया गया यह गाना एक छोटे लड़के की दिल को छू लेने वाली यात्रा के बारे में है। वह चीजों की कल्पना करता है, जिसमें उसकी नानी उसका पूरा साथ देती हैं। इसमें अभिनेत्री फरीदा जलाल ने बच्चे की नानी का किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने शेयर करते हुए कहा कि यह भूमिका 'शाका लाका बूम बूम' में उनकी अविस्मरणीय उपस्थिति की याद दिलाती है। गाने के बारे में बात करते हुए फरीदा जलाल ने कहा, "'आई एम जादूगर' पर काम करते हुए मुझे शाका लाका बूम बूम का आकर्षण वापस मिल गया, जहां कल्पना हर चीज पर हावी थी। इसमें नानी का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास अनुभव था, क्योंकि यह असंभव पर विश्वास करने के बारे में बात करता है। यह याद दिलाता है कि चाहे हम कितने भी बूढ़े हो जाएं, लेकिन जादू हमेशा हमारा हिस्सा होता है। म्यूजिध्क वीडियो में ऐजाह जिलानी और पूजा सरूप भी हैं। गाने के पीछे की प्रेरणा के बारे में बात करते हुए मोहम्मद मुनीम ने शेयर किया, "यह गाना मेरे दिल के बहुत करीब है। यह प्यार, विश्वास और मेरी नानी के साथ मेरे खास बंधन के बारे में है। वह हमेशा मेरे हर काम में जादू देखती थीं, तब भी जब दूसरे लोग ऐसा नहीं देख पाते थे। आई एम जादूगर के साथ मैं लोगों, खासकर वयस्कों को यह याद दिलाना चाहता हूं कि अगर हम इसमें विश्वास करते हैं, तो हम सभी अभी भी जादू करने में सक्षम हैं। आर्टिस्ट फर्स्ट के क्यूरेटर रोहित सोबती ने कहा, आई एम जादूगर एक ऐसा गाना है, जो हमें लोगों में विश्वास, असीमता के महत्व की याद दिलाता है, जिनकी हम परवाह करते हैं। उन्होंने कहा, मुनीम भाई के साथ काम करना एक शानदार यात्रा रही है, और हमें इस जादुई कहानी को दुनिया के साथ शेयर करने पर बहुत गर्व है।



## स्किन को हेल्दी बनाने के लिए खीरा का प्रयोग इस तरह से करें, त्वचा ग्लो करेंगी

आइए आपको बताते हैं कि अपनी त्वचा को प्राकृतिक रूप से फिर से जीवंत करने के लिए खीरे के औषधीय गुणों का उपयोग कैसे कर सकते हैं। वैसे तो हाइड्रेटेड त्वचा पाने के लिए आप रोजाना स्किन केयर रुटीन में खीरे का उपयोग करने का यह सबसे आसान तरीकों में से एक है।

हेल्दी स्किन के लिए अच्छी त्वचा देखभाल दिनचर्या, नियमित आहार, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन कौशल के साथ संतुलित जीवनशैली आसानी से प्राकृतिक रुप से सुंदरता को बढ़ाया जा सकता है। हालांकि बाजार में पहले से ही कई एंटी–एजिंग क्रीम और पोषण संबंधी कई प्रोडक्ट उपलब्ध हैं, लेकिन माना जाता है कि कुछ हर्बल उपचार स्किन को हेल्दी बनाता। स्किन को स्वस्थ बनाने के लिए खीरा का प्रयोग करें।

त्वचा को हाइड्रेट करें

हाइड्रेटेड त्वचा पाने के लिए आप रोजाना स्किन केयर रुटीन में खीरे का उपयोग करने का यह सबसे आसान तरीकों में से एक है। इस प्रक्रिया को दोहराने से गंदगी और मृत कोशिकाएं आसानी से निकल सकती हैं और आप पूरे दिन के तनाव और थकान के बाद एक सुखद अनुभव का आनंद भी ले सकते हैं।

स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए खीरा का प्रयोग कैसे करें

– सबसे पहले एक खीरे को काट लें और उसका मिक्सर में पेस्ट बना लें।

– इसमें ठंडा ठंडा पानी मिलाएं और गाढ़ा घोल बनाएं।

– इसे पूरे चेहरे, गर्दन और प्रभावित हिस्सों पर लगाएं। इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें और सुखदायक एहसास का आनंद लें। फिर, इसे धो लें।

टैन क्लींजर

आज के समय में टैनिंग की सबसे बड़ी समस्या है, जो कुछ चरम मामलों में त्वचा कैंसर का कारण भी बन सकती है। इससे समस्या को हराने के लिए आप खीरे का प्रयोग इस तरह से कर सकते हैं।

खीरे का क्लींजर

–आप दो खीरे के टुकड़े कर सकते हैं और उन्हें ब्लेंडर में मिला सकते हैं।

– मिक्सर में नींबू का रस डालें।

– रस को चीज़क्लोथ से छानकर एक कटोरे में निचोड़ लें। फिर, इस मिश्रण को टैन वाली जगह पर लगाएं।

ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए खीरे का टोनर बाजार में मिलने वाले टोनर कभी–कभी त्वचा में जलन पैदा कर सकते हैं। यदि आप समान रूप से सुखदायक गुणों वाले प्राकृतिक टोनर की तलाश में हैं, तो आप खीरे के टोनर का उपयोग कर सकते हैं।

खीरे का टोनर कैसे बनाएं

–खीरे को छोटे–छोटे टुकड़ों में काट लें और उन्हें 5 से 7 मिनट तक गर्म करें।

– जब खीरे उबल जाएं तो उन्हें ब्लेंड कर लें।

– तरल को एक साफ कपड़े से स्प्रे बोतल में छान लें और इसे किसी ठंडी जगह (जैसे, फ्रिज) में रख दें।

– बेहतर परिणामों के लिए आप खीरे के तरल को केवल टोनर के रूप में उपयोग कर सकते हैं या इसमें गुलाब जल मिला सकते हैं।

खीरे का बॉडी लोशन

गर्मी या बरसात में बॉडी लोशन का उपयोग करना काफी समस्याग्रस्त हो सकता है, खासकर संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए। लेकिन, किसी बॉडी लोशन का उपयोग किए बिना भी त्वचा निर्जलित हो सकती है। तो, अपना खुद का खीरे पर आधारित बॉडी लोशन बनाना यहां सबसे अच्छा विकल्प में से एक है।

बॉडी लोशन कैसे बनाएं

–खीरे के टुकड़े करके मिक्सर में पीस लें

–गूदे को छान लें और खीरे के तरल पदार्थ को एक कंटेनर में डालें। अब, अपने क्ष्ल –बॉडी लोशन के लिए सामान्य पानी की जगह खीरे के पानी का उपयोग करें।

– खीरे के पानी में एलोवेरा का गूदा, विटामिन ई और नारियल का दूध मिलाएं।

सूजी हुई आंखों और काले घेरों को दूर करता है

अगर आप सूजी हुई आंखों और काले घेरों से छुटकारा पाना चाहते हैं और सबसे आसान उपाय ढूंढना चाहते हैं तो अपनी त्वचा की देखभाल की दिनचर्या में खीरे को जरूर शामिल करें। अपने हाइड्रेटिंग गुणों के कारण खीरे का उपयोग ब्यूटी पार्लरों में व्यापक रूप से किया जाता है। फेशियल कराते समय आंखों पर खीरे के टुकड़े रखे जाते हैं जिससे उन्हें आराम का एहसास होता है। बस हर दिन 10–20 मिनट के लिए अपनी आंखों पर खीरे के टुकड़े रखें, आप काले घेरों और सूजी हुई आंखों को अलविदा कह सकते हैं।

## किडनी खराब होने से पहले शरीर देता है ये 5 संकेत, अनदेखा करना हो सकता है घातक



किडनी हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो खून से विषाक्त पदार्थों को छानकर उन्हें यूरिन के रूप में बाहर निकालती है। किडनी की खराबी से शरीर में कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, खासकर डायबिटीज रोगियों में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। यदि समय पर किडनी की खराबी के संकेत पहचान लिए जाएं, तो इससे गंभीर बीमारियों को रोका जा सकता है। आइए, जानते हैं किडनी खराब होने के 5 प्रमुख संकेत जिन्हें भूलकर भी अनदेखा नहीं करना चाहिए।

यूरिन में झाग आना

यदि यूरिन में बुलबुले या झाग दिखाई देने लगे तो यह किडनी की खराबी का संकेत हो सकता है। डायबिटीज रोगियों में किडनी फिल्ट्रेशन का काम ठीक से नहीं हो पाता, जिससे यूरिन में प्रोटीन लीक होने लगता है। लोग इस लक्षण को सामान्य मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह एक गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है।

रात में बार–बार पेशाब आना

यदि रात के समय दिन की तुलना में ज्यादा पेशाब आ रहा है, तो यह किडनी की समस्या का संकेत हो सकता है। किडनी का सही तरीके से टॉक्सिन्स को फिल्टर न कर पाने के कारण बार–बार पेशाब आता है। डायबिटीज के मरीजों में यह समस्या अधिक होती है, इसलिए इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए।

हाथों–पैरों में सूजन

किडनी की खराबी के कारण शरीर में टॉक्सिन्स और खराब फ्लूड जमा होने लगते हैं, जिससे हाथों, पैरों और एड़ियों में सूजन आ सकती है। कई बार लोग इसे वजन बढ़ने की वजह समझ लेते हैं, लेकिन यह किडनी की खराबी का संकेत हो सकता है। किडनी लिक्विड और सोडियम के स्तर को संतुलित नहीं कर पाती, जिससे सूजन होती है।

पैरों में ऐंठन

रात के समय पैरों में ऐंठन या क्रैम्प्स आना एक और संकेत हो सकता है कि किडनी ठीक से काम नहीं कर रही। यह इलेक्ट्रोलाइट्स में असंतुलन के कारण होता है, जिसे संतुलित रखने का काम किडनी करती है। अगर किडनी में समस्या होती है, तो मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द होने लगता है।

थकान या एनीमिया की शिकायत

किडनी की खराबी के कारण शरीर में थकावट और एनीमिया हो सकता है। किडनी एक हार्मोन रिलीज करती है, जो खून में लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को नियंत्रित करता है। यदि किडनी सही से काम नहीं कर रही है, तो एनीमिया, कमजोरी और शरीर का पीला दिखाई देना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

किडनी की समस्या की रोकथाम कैसे करें?

यदि आपको ऊपर दिए गए लक्षणों में से कोई भी संकेत दिखे, तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डायबिटीज रोगियों को नियमित रूप से अपने यूरिन की जांच करवानी चाहिए ताकि किडनी की स्थिति का समय रहते पता चल सके। शुरुआती चरण में किडनी की खराबी का पता चलने पर इसे नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे आगे चलकर गंभीर समस्या होने से बचा जा सकता है।

किडनी का स्वस्थ रहना हमारे पूरे शरीर के लिए आवश्यक है, इसलिए इसके संकेतों को नजरअंदाज न करें और समय रहते आवश्यक कदम उठाएं।



## बुढ़ापा दूर भगाने के लिए रोजाना कर लें ये फेशियल एक्सरसाइज, चांद सा चमकेगा चेहरा

फेशियल एक्सरसाइज (चेहरे की कसरत) चेहरे की मांसपेशियों को टोन करने, त्वचा की लोच बनाए रखने और उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करती हैं। ये एक्सरसाइज न केवल आपकी त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ और चमकदार बनाए रखती हैं, बल्कि चेहरे की मांसपेशियों को मजबूत बनाकर झुर्रियों और ढीलेपन को भी कम करती हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसी फेशियल एक्सरसाइज, जो चेहरे को कई फायदे देंगी

फॉरहेड (माथे) की एक्सरसाइज

अपनी उंगलियों को माथे पर रखें और धीरे–धीरे अपनी भौहों को ऊपर की ओर उठाएं। इस स्थिति में 5 सेकंड तक रुकें, फिर आराम दें। इसे 10 बार दोहराएं। यह एक्सरसाइज माथे की झुर्रियों को कम करती है और त्वचा को टाइट बनाए रखती है।

चेहरे के फैट को कम करने की एक्सरसाइज

मुंह को गोल करके हवा भरें, फिर एक गाल से दूसरे गाल में हवा को घुमाएं, जैसे आप कुल्ला कर रहे हों। इसे 10–15 सेकंड तक करें और फिर आराम दें। इसे 5–10 बार दोहराएं। यह चेहरे की मांसपेशियों को टोन करता है और चेहरे के फैट को कम करने में मदद करता है, जिससे चेहरा पतला दिखता है।

डबल चिन कम करने की एक्सरसाइज

अपनी गर्दन को पीछे की ओर झुकाएं और छत की ओर देखें। अब अपनी जीभ को छत की ओर बाहर निकालें और 10 सेकंड तक ऐसे ही रुकें। फिर आराम करें। इसे 10 बार दोहराएं। यह एक्सरसाइज डबल चिन को कम करने और गर्दन की मांसपेशियों को टोन करने में मदद करती है।

आईब्रोज लिफ्ट एक्सरसाइज

अपनी तर्जनी उंगलियों को आईब्रोज के ऊपर रखें और उन्हें हल्के से नीचे की ओर दबाएं। अब भौहों को ऊपर की ओर उठाने की कोशिश करें। इसे 10 बार करें। यह एक्सरसाइज आंखों के आस–पास की झुर्रियों और भौहों के ढीलेपन को कम करती है।

लिप्स टोनिंग एक्सरसाइज

अपने होंठों को बाहर की ओर फुलाएं जैसे पाउट कर रहे हों। 5 सेकंड तक इस स्थिति में रहें और फिर आराम दें। इसे 10 बार दोहराएं। यह होंठों को टोन करता है और उनके आकार को सुंदर बनाए रखता है।

स्माइल एक्सरसाइज

बिना दांत दिखाए जितना बड़ा हो सके उतना मुस्कुराएं और 10 सेकंड तक इस स्थिति में रहें। फिर आराम दें। इसे 10 बार करें। यह एक्सरसाइज चेहरे की मांसपेशियों को लिफ्ट करती है और झुर्रियों को कम करने में मदद करती है।

फेशियल एक्सरसाइज के फायदे

–चेहरे की मांसपेशियों को टोन करके त्वचा को कसाव और जवां बनाए रखती हैं।

–नियमित एक्सरसाइज से चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं।

– चेहरे पर बेहतर ब्लड सर्कुलेशन से त्वचा की चमक और सेहत बनी रहती है।

–बिना किसी सर्जरी के फेस लिफ्ट का असर मिलता है, जिससे चेहरा पतला और टोंड दिखता है।

– यह चेहरे में प्राकृतिक चमक लाती है और त्वचा को स्वस्थ बनाए रखती है।

फेशियल एक्सरसाइज को नियमित रूप से करने से आपके चेहरे को प्राकृतिक रूप से जवां और स्वस्थ बनाए रखा जा सकता है।

## किड्स के लांचबॉक्स में प्रोटीन से भरपूर मूंग सैंडविच रखें, बच्चे बार-बार इसे खाने के लिए मागेंगे, नोट करें आसान रेसिपी

रोजाना टिफिन में बच्चों को हेल्दी फूड्स बनाने के लिए आप भी सोचते रहते हैं क्या बनाएं। अब ज्यादा टेंशन न लें, बस बच्चों के टिफिन बॉक्स में टेस्टी और हेल्दी खाना देने के लिए आप एक बार हरी मूंग दाल से बने सैंडविच रख सकते हैं। प्रोटीन से भरपूर सैंडविच को बनाना भी काफी आसान है। हर दिन माओं की यह टेंशन रहती है बच्चों के टिफिन में हेल्दी और टेस्टी खाने में क्या बनाकर दें। अगर आप भी यहीं सोचते रहते हैं तो चिंता को दूर करें। बस बच्चे के टिफिन में हरी मूंग से बना हुआ सैंडविच बनाकर रख दें, एक बार बच्चे ने इसे खा लिया है तो इसे बार–बार खाने के लिए मांगेंगे। इस रेसिपी को बनाना भी काफी आसान है। आइए आपको बताते हैं मूंह सैंडविच की रेसिपी।

हरी मूंग सैंडविच की सामग्री

– एक कप हरी मूंग की दाल
– ब्रेड
– दो चम्मच बेसन
– नमक स्वादानुसार
– जीरा
– हींग
– हल्दी पाउडर
– पिज्जा सिजनिंग
– मेयोनीज
– चीज
– टोमैटो सॉस
– देसी घी

मूंग सैंडविच की रेसिपी



– इसके लिए पहले आप एक कप मूंग को रातभर पानी में भिगोकर छोड़ दें।

– अगली सुबह मूंग की दाल को अच्छे सो धोकर बिना पानी के पीस लें।

– फिर पिसी हुए मूंग दाल में आप नमक, एक से डेढ़ चम्मच बेसन मिलाएं।

– इसके बाद आप जीरा, हींग डालें। साथ ही में पानी डालकर गाढ़ा घोल तैयार कर लें।

– अब नॉनस्टिक पैन को गैस पर गर्म करें, फिर उस पर घी लगाएं और उस पर मूंग के तैयार पेस्ट को पैनकेक की तरह फैला दें।

– मिश्रण को तवे पर फैलाने के बाद इसे करछल की मदद से साइस से दबाते रहें, इसे आप चौकोर शेप दें और ब्रेड के साथ रखने में अच्छा भी दिखेगा।

– इसको दोनो तरफ से सेंक लें और साथ ही में ब्रेड को भी तवे पर सेंक लें।

– फिर ब्रेड पर टोमैटो सॉस लगाएं। इसके साथ ही चीज ग्रेट करके डालें और ऊपर से पिज्जा सिंजनिंग छिड़क दें।

– तवे पर रखने से चीज पिघल जाएगा और इस पर तैयार मूंग का पैनकेक रख दें।

– अगर मूंग का पैनेकक ब्रेड के साइज से बड़ा है तो आप साइड से उसे कट कर दें और ब्रेड जितना शेप दें। चलिए आपका टेस्टी और हेल्दी मूंग ब्रेड सैंडविच तैयार है। आपके बच्चे भी इसे बड़े ही प्यार से खाएंगे।

## संक्षिप्त




### डेल ने जारी किया नया निर्देश, अब कर्मचारियों को ऑफिस से करना होगा काम

कोरोना वायरस संक्रमण काल के बाद देश और दुनिया में वर्क फ्रॉम होम का कल्चर काफी जोर पकड़ने लगा था। दुनिया भर की कई कंपनियों ने इसका पालन करते हुए कर्मचारियों को घर से काम करने की सुविधा दी थी। इसी बीच टेक कंपनी डेल टेक्नोलॉजीज ने कर्मचारियों के लिए नया फैसला किया है। डेल टेक्नोलॉजीज ने फैसला किया है कि वैश्विक बिक्री टीम के कर्मचारी जो कंपनी कार्यालयों से काम करने में सक्षम हैं, उन्हें 30 सितंबर से सप्ताह में पांच दिनों के लिए ऑफिस आकर ही काम करना होगा। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के हवाले से बताया गया कि कंपनी ने ये बदलाव इस उद्देश्य से किया है कि ऑफिस में सहयोगात्मक वातावरण का लाभ उठाया जाए और कौशल बढ़ाया जाए। इसके लिए टीम को एक कार्यालय में होना चाहिए। इस संबंध में कंपनी ने बयान जारी किया है जिसमें कहा गया कि ऑफिस में दूर से काम करना नियमित कार्य के बजाय अपवाद होना चाहिए। खासतौर से बिक्री टीम के क्षेत्रीय प्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सप्ताह में पांच दिन ग्राहकों और भागीदारों के साथ या कार्यालय में बिताएं। इससे पहले टीम को प्रति सप्ताह तीन दिन कार्यालय से काम करना होता था। डेल की मानें तो ''दूरस्थ बिक्री टीम के सदस्य जो डेल कार्यालय में नहीं जा सकते, उन्हें दूर से ही काम करना जारी रखना चाहिए।'' कंपनी ने यह भी कहा कि वह आने वाले हफ्तों में दूरस्थ कर्मचारियों से संबंधित अधिक जानकारी उपलब्ध कराएगी। कोविड महामारी के कारण, कई कंपनियों ने कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दी थी, लेकिन अब टेक कंपनियां चाहती हैं कि कर्मचारी सप्ताह में दो से तीन दिन कार्यालय लौटें। यह बात ऐसे समय में सामने आई है जब ई–कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेज़न डॉट कॉम ने कहा है कि अगले साल से उसके कर्मचारियों को कंपनी के कार्यालयों में प्रति सप्ताह पांच दिन काम पर लौटना होगा, क्योंकि उसने पहले के तीन दिन के अनिवार्य आदेश को कड़ा कर दिया है।

### कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक छह करोड़ रोजगार सृजित करने का खाका तैयार : गिरिराज सिंह

नयी दिल्ली । केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने 2030 तक वस्त्र क्षेत्र में 4.5–6 करोड़ रोजगार सृजित करने के लिए खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के बाजार का आकार इस समय 165 अरब डॉलर से बढ़ाकर 350 अरब डॉलर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कपड़ा मंत्रालय के 100 दिवसीय कार्यक्रम पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, हमने जो 100 दिवसीय मसौदा तैयार किया है, उसमें आगे चलकर वस्त्र क्षेत्र में लाखों करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना शामिल है।



हमने 2030 तक 4.5 करोड़ से छह करोड़ रोजगार सृजित करने के लिए मसौदा तैयार किया है। उन्होंने कहा कि पहले स्वीकृत सात पीएम–मित्र एकीकृत मेगा कपड़ा पार्कों के पूरी तरह से चालू होने पर 70,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिससे 21 लाख नौकरियां पैदा होंगी। मंत्री ने पिछली कांग्रेस नीत सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे पहले तीन महीनों में कुछ नहीं करती थीं, जबकि मोदी सरकार ने 100 दिन के मसौदे के साथ शुरुआत की है। सिंह ने कहा, पहले जब नयी सरकार बनती थी, तो तीन महीने तक वे अभद्र का प्रयोग करते थे। जो वे (राहुल गांधी का स्पष्ट संदर्भ देते हुए) इस समय विदेश में कर रहे हैं। दूसरी ओर, मोदी सरकार ने पहले तीन महीनों में विकास का खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा कि भारत के कपड़ा क्षेत्र का आकार 350 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने की योजना है। मंत्री ने कहा, आने वाले दिनों में 350 अरब अमेरिकी डॉलर के आकार तक पहुंचने के लिए, हम हर चीज के लिए तैयार कर रहे हैं, चाहे वह सिंथेटिक हो, विस्कोस हो या प्राकृतिक फाइबर हो। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में 350 से अधिक ब्रांड भारत से कपड़े खरीदते हैं और हमें न केवल निर्यात पर बल्कि घरेलू आंकड़ों पर भी ध्यान देना चाहिए।

### रियल एस्टेट कंपनी भूमिका ग्रुप गुरुग्राम में वाणिज्यिक परियोजना का करेगी विकास

नयी दिल्ली। जमीन–जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनी भूमिका ग्रुप गुरुग्राम में वाणिज्यिक परियोजना विकसित करेगी। कंपनी ने इसके लिए एक एकड़ जमीन हासिल की है। भूमिका ग्रुप ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इस परियोजना से 300 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। बयान के अनुसार कंपनी ने गुरुग्राम के एमजी रोड पर एक नयी वाणिज्यिक परियोजना के लिए समझौता किया है। इसके लिए उसने लगभग एक एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी इस परियोजना को भूमि मालिक के साथ साझेदारी में विकसित करेगी। भूमिका ग्रुप ने कहा, यह रणनीतिक अधिग्रहण गुरुग्राम बाजार में ग्रुप के आधिकारिक प्रवेश को दर्शाता है, जिससे एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कंपनी की पहुंच और मजबूत होगी। इस परियोजना से लगभग 300 करोड़ रुपये की कुल आय होने की संभावना है।'' भूमिका ग्रुप के प्रबंध निदेशक उद्धव पोद्दार ने कहा, हम गुरुग्राम में अपनी नई परियोजना के साथ एनसीआर के बाजार में कदम रखने को लेकर काफी उत्साहित हैं। फरीदाबाद में मिश्रित उपयोग की परियोजना विकसित करने के बाद पिछले 6–12 महीनों में एनसीआर में यह हमारी तीसरी बड़ी परियोजना है, जिसमें खुदरा, होटल आवासीय स्थान तथा डीएमआरसी के साथ हमारी पारगमन अवसंरचना परियोजना शामिल है।

# नतीजा इस पर निर्भर करेगा कि अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं हमारे बल्लेबाज : मैक्सवेल

*ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं। भारत ने 2018–19 और 2020–21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।*



नयी दिल्ली । ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं। भारत ने 2018–19 और 2020–21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी श्रृंखला कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है। मैक्सवेल ने कहा कि अकसर अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है। मैक्सवेल ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, ''मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है। और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है।'' मैक्सवेल हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं और 2017 में अपना अंतिम टेस्ट खेलने के बाद उन्होंने कहा कि उनके देश के बल्लेबाजों को भारत के सीनियर स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अश्विन और जडेजा ने मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट झटके हैं जिसमें से 50 दफा वे पांच विकेट झटक चुके हैं। उन्होंने कहा, ''अगर हम इन दोनों (अश्विन और जडेजा) के खिलाफ अच्छा खेलते हैं तो हम अच्छी स्थिति में होंगे। ये दोनों खिलाड़ी मेरे करियर में ज्यादातर समय गेंदबाजी करते रहे हैं।'' उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह की भी प्रशंसा करते हुए कहा, ''और अब जसप्रीत बुमराह। मैं 2013 में मुंबई में आईपीएल में उनके पहले सत्र में वहां था और नेट्स में लगभग हर दिन उनका सामना करता था। वह तब युवा प्रतिभा था और अब उसे इस तरह शानदार तरीके से आगे बढ़ते हुए देखना अद्भुत है जो सभी तीनों प्रारूपों संभवतः सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।

# रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा अनिल कुंबले का सालों पुराना रिकॉर्ड, एशिया का सबसे ज्यादा टेस्ट...



भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। हालांकि, बारिश के कारण पहले दिन का खेल बाधित रहा। लेकिन इस दौरान भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने एक जादुई गेंद फेंक कर अनिल कुंबले का सालों पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। हालांकि, बारिश के कारण पहले दिन का खेल बाधित रहा। लेकिन इस दौरान भारतीय स्पिनर आर अश्विन ने एक जादुई गेंद फेंक कर अनिल कुंबले का सालों पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। और एशियाई पिचों पर 420 विकेट का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अश्विन ने बांग्लादेश की सबसे मजबूत साझेदारी नजमुल शंटो और मोमिनुल हक की जोड़ी को तोड़ने का काम किया। बता दें कि, नजमुल शंटो और मोमिनुल हक ने भारतीय गेंदबाजों को काफी परेशान किया। भारतीय गेंदबाजों ने इस जोड़ी को तोड़ने के लिए काफी मशक्कत भी की। तभी आर अश्विन ने एक जादुई गेंद फेंकी और नजमुल शंटो अपना विकेट गंवा बैठे। मोमिनुल और शंटो के बीच 50 रनों की मजबूत साझेदारी हुई। 29वां ओवर आर अश्विन कर रहे थे, पहली चार गेंदें हो चुकी थईं और पांचवीं गेंद पर उनके सामने नजमुल शंटो थे। अश्विन ने शंटो को जाल में फंसाया और एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। अंपायर ने आउट दिया और शंटो ने तुरंत डीआरएस ले लिया। लेकिन डीआरएस में भी शंटो नहीं बच पाए और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। एशिया में भारत की ओर से सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड अब अश्विन के नाम दर्ज हो गया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड अनिल कुंबले और उनके नाम पर था।

अनिल कुंबले के नाम एशिया में कुल 419 टेस्ट विकेट थे, जिसकी बराबरी अश्विन ने पिछले टेस्ट मैच में कर ली थी। सीरीज का पहला टेस्ट मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला गया था। जहां भारत ने 280 रनों से जीत दर्ज की थी।







चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित







समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना।







ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)

## संक्षिप्त

### इंडोनेशिया में अवैध सोने की खान के भूस्खलन की चपेट में आने से 15 लोगों की मौत

इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में अनधिकृत रूप से सोने का खनन कर रहे लोगों के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दर्जनों की संख्या में लोग लापता बताए जा



रहे हैं। स्थानीय आपदा शमन एजेंसी कार्यालय के प्रमुख इरवान एफेंदोई ने कहा कि पश्चिम सुमात्रा प्रांत के सूदूर सोलोक जिले में स्वर्ण निकालने के लिए खुदाई कर रहे लोग भूस्खलन के कारण आस–पास के पहाड़ी इलाके से बहकर आए कीचड़ और अन्य तरह के मलबे में दब गए। उन्होंने कहा कि कम से कम 25 लोग अब भी दबे हुए हैं और बचावकर्मियों ने तीन लोगों को जीवित बाहर निकाला है। तीनों घायल हैं।

### पाकिस्तान को अब नहीं पड़ेगी भिखारी एक्सपोर्ट करने की जरूरत, हाथ लग गया 7 बिलियन डॉलर का खजाना

जब भी किसी देश पर आर्थिक तंगी आती है तो वो देश मदद की तरफ देखता है। मदद उसके साझेदारों से भी मिल सकती है या फिर वो संगठन जो आर्थिक पैकेज रिलीज करती है। इनमें एक आईएमएफ भी है। भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने आर्थिक तंगी से जूझने के बीच कई बार आईएमएफ की तरफ देखते हुए मदद का हाथ बढ़ाया। मदद के लिए भीख मांगते हुए पाकिस्तान ने ये उम्मीद जताई कि आईएमएफ उसे थोड़ा सा पैसा दे देगा। थोड़ा–थोड़ा बूंद–बूंद करके आईएमएफ



पाकिस्तान को पैसा देता भी रहा। पाकिस्तान का घर चलता रहा। ये पाकिस्तान में सरकार किसी की भी रहे घर चलाने की आम प्रक्रिया रही है। फिर से पाकिस्तान ने आईएमएफ की तरफ मदद के लिए देखा तो आईएमएफ ने अपना खजाना पाकिस्तान की तरफ खोल दिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए सात अरब डॉलर के नए कर्ज के पैकेज को मंजूरी दी है। इससे पाकिस्तान के मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने के प्रयासों को मजबूती देने के लिए 1.1 अरब डॉलर से कम की पहली ऋण किस्त को तत्काल जारी करने की अनुमति मिल गई है। पीएमओ ने पुष्टि की कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने 37 महीने की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) को मंजूरी दे दी है, जिसकी कुल राशि सात अरब अमेरिकी डॉलर है। यह 1958 के बाद से पाकिस्तान द्वारा प्राप्त किया गया 25वां आईएमएफ कार्यक्रम और छठा ईएफएफ है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने वित्त मंत्रालय के हवाले से कहा कि पाकिस्तान आईएमएफ ऋण पर करीब पांच प्रतिशत ब्याज दर का भुगतान करेगा। मंत्रालय ने यह बयान आर्थिक मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति को भेजा था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को दोहराया कि यह पाकिस्तान का आखिरी आईएमएफ कार्यक्रम होगा। यह बयान उन्होंने 2023 में 24वें कार्यक्रम को मंजूरी मिलने के बाद दिया।

### कश्मीर विरोधी देश को अब मिलेगा दंड, 'प्रलय' मचाएंगी भारत की मिसाइलें

कश्मीर पर गलत बयानबाजी करके अज़रबैजान ने भारत के साथ दुश्मनी मोल ले ली है। अब भारत ने वह कदम उठाया है जिससे अज़रबैजान तिलमिला जाएगा। दरअसल, अज़रबैजान ने कश्मीर पर पाकिस्तान के समर्थन में भारत के खिलाफ बयानबाजी की थी। लेकिन उसे इसका अंजाम समझ में नहीं आया था। अब भारत ने बड़ा कदम उठाया है और आर्मेनिया



को अपने प्रलय मिसाइल बचने के फैसले पर हामी भर दी है। दरअसल कुछ समय पहले आर्मेनिया ने भारत से पहले मिसाइल की मांग की थी। आर्मेनिया को अज़रबैजान से लगातार खतरा है जो इजरायल से मिले लोरा मिसाइलों के दम पर आर्मेनिया को चुनौती दे रहा है। आर्मेनिया को ऐसे हथियारों की जरूरत है जो अजरबैजान की मिसाइल पावर का जवाब दे सके और अब भारत ने आर्मेनिया की इस मांग को स्वीकार लिया जिससे अजरबैजान की सांसें अटक गई है। LORA एक थिएटर अर्ध–बैलिस्टिक मिसाइल है जिसकी रेंज 400 किलोमीटर है और टर्मिनल मार्गदर्शन के लिए जीपीएस और टीवी के संयोजन का उपयोग करते समय 10 मीटर की सीईपी (सर्कुलर एरर प्रोबेबिलिटी) होती है। प्रलय एक मोबाइल कनस्तर–आधारित सतह से सतह पर मार करने वाली एसआरबीएम (छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल) है जिसकी मारक क्षमता 150–500 किमी है। इसे डीआरडीओ की बीएमडी प्रणाली की पृथ्वी एडी मिसाइल से विकसित किया गया था। मिसाइल जड़त्वीय मार्गदर्शन का उपयोग करके अपने लक्ष्य तक पहुंचती है। इसे पूरी उड़ान के दौरान नियंत्रित किया जा सकता है।

# जापान में महज चार साल में बदल गए 3 प्रधानमंत्री, जानें कौन हैं नए पीएम शिगेरू इशिबा

महज चार साल में जापान में तीन प्रधानमंत्री का दौर देखने को मिल रहा है। शिंजो आबे के बाद कमान संभालने वाले फुमयो किशिदा की जगह अब शिगेरू इशिबा लेंगे। पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरू इशिबा अब जापान के नए प्रधानमंत्री होंगे। अगले हफ्ते वे प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। नौ उम्मीदवारों के बीच मुकाबले में शिगेरू इशिबा को जीत मिली है। शिगेरू इशिबा को 1 अक्टूबर को डाइट द्वारा जापान के 102वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। इसी दिन आधिकारिक रूप से फुमियो किशिदा की पद से विदाई होगी। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, 67 वर्षीय शिगेरू इशिबा ने कट्टरपंथी राष्ट्रवादी साने ताकाइची को रन–ऑफ वोट में हराया।

भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी फुमियो किशिदा की पार्टी

वर्तमान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं और उनकी पार्टी अगले आम चुनाव से पहले जनता का विश्वास हासिल करने की उम्मीद में एक नए नेता की तलाश कर रही है। मतदान में संसद के एलडीपी सदस्यों के अलावा लगभग 10 लाख बकाया भुगतान करने वाले पार्टी सदस्य ही हिस्सा ले सकते थे। यह संख्या देश के कुल योग्य मतदाताओं का केवल एक प्रतिशत है। पार्टी के दिग्गजों के बीच चल रही अंदरूनी बातचीत और समझौते की संभावनाओं के मद्देनजर यह अंदाजा लगाना कठिन था कि इस चुनाव में किसका पलड़ा भारी रहेगा।

9 उम्मीदवारों से था मुकाबला

ताकाइची, पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी रही हैं



और कट्टर रूढ़िवादी नेताओं में उनकी गिनती होती है। उन्होंने 2021 में किशिदा के खिलाफ चुनाव लड़ा था। कोइज़ुमी, पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइज़ुमी के बेटे हैं। पिछले मतदानों में अक्सर पार्टी के शक्तिशाली गुट के नेताओं द्वारा नेता निर्धारित किए जाते थे, लेकिन इस बार छह गुटों में से एक को छोड़कर सभी ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद विलय की घोषणा की है। विशेषज्ञों के बीच व्यापक चिंता का विषय यह है कि जो भी चुनाव में जीते लेकिन उसे गुटीय समर्थन नहीं मिलता है तो संभावना है कि जापान में एक बार फिर 2000 के दशक की वापसी हो जाए। इस दौरान कई बार नेतृत्व परिवर्तन हुआ था और देश में राजनीतिक अस्थिरता देखी गई थी। अल्पकालिक सरकारों का मुखिया बनने वाले जापानी प्रधानमंत्रियों की दीर्घकालिक नीति लक्ष्यों को स्थापित करने या अन्य नेताओं के साथ विश्वसनीय संबंध विकसित करने की क्षमता को नुकसान पहुंचाती है। ताकाइची और विदेश मंत्री योको कामीकावा ही इस दौड़ में शामिल दो महिलाएं थीं। जापान की संसद के निचले सदन में महिलाओं की संख्या केवल 10.3 प्रतिशत है। जेनेवा स्थित अंतर–संसदीय संघ द्वारा अप्रैल में जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक 190 देशों में महिला प्रतिनिधित्व के मामले को जापान 163 वें स्थान पर है।

## सुनक छोड़िए नए यूके पीएम कीर स्टार्मर ने भारत के लिए जो कहा, हैरान रह गए संयुक्त राष्ट्र महासभा के सभी देश

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी के लिए अपने समर्थन की घोषणा की। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी इसी तरह का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोलते हुए कीर स्टारमर ने कहा कि सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधि निकाय बनने के लिए इसमें बदलाव जरूरी है। ऐसा बदलाव जो उपयोगी हो अपेतु इसे पंगु न बनाता हो। उन्होंने कहा कि हम परिषद में स्थायी अफ्रीकी प्रतिनिधित्व, ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी को स्थायी सदस्य के रूप में देखना चाहते हैं, तथा निर्वाचित सदस्यों के लिए भी



अधिक सीटें चाहते हैं। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया था और संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत की थी। मैक्रों ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि हमारे पास एक सुरक्षा परिषद है जिसे हमें और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। हमें इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाना होगा। उन्होंने कहा कि इसलिए, फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य होना चाहिए, साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए जिन्हें अफ्रीका इसका प्रतिनिधित्व करने के लिए तय करेगा। भारत सुरक्षा परिषद में लंबे समय से लंबित सुधारों को तत्काल लागू करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में किए जा रहे प्रयासों में सबसे आगे रहा है और इस बात पर जोर देता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र के उच्च मंच पर स्थायी सदस्य के रूप में स्थान पाने का हकदार है। भारत की दलील है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू–राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। वर्तमान में, सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं और ये देश किसी भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर वीटो लगा सकते हैं।

## बेल्जियम के पीएम ने पोप फ्रांसिस के सामने ही उनकी कड़ी आलोचना की

ईसाई धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरू पोप फ्रांसिस इन दिनों बेल्जियम दौरे पर हैं। इसे लेकर पूरे बेल्जियम में उत्साह का माहौल है। हालांकि बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने पोप फ्रांसिस के उद्‌घाटन समारोह में ही कुछ ऐसा कर दिया, जिसने पूरे ईसाई



जगत को हैरान कर दिया है। दरअसल बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च के यौन शोषण मामलों को लेकर पोप फ्रांसिस के सामने ही उनकी कड़ी आलोचना कर डाली। बेल्जियम पीएम ने पोप फ्रांसिस से यौन शोषण मामलों में सख्त कदम उठाने की मांग की। बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च में पादरी द्वारा यौन शोषण करने और उसे छिपाने के लिए पोप फ्रांसिस की कड़ी आलोचना की। शुक्रवार को पोप फ्रांसिस बेल्जियम की यात्रा पर उनका जोरदार स्वागत किया गया, लेकिन इस दौरान प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने शायद पोप फ्रांसिस की किसी भी विदेश यात्रा पर दिया गया सबसे तीखा भाषण दिया। आम तौर पर राजनेता प्रोटोकॉल के तहत अपने भाषण की भाषा को विनम्र रखते हैं, लेकिन बेल्जियम के पीएम ने पोप फ्रांसिस के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उनसे चर्च के अपराधों के लिए प्रयाश्चित करने और पीड़ितों के कल्याण के लिए काम करने की मांग की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यौन शोषण कांड से कैथोलिक चर्च के प्रभाव में कमी आई है। हालांकि प्रधानमंत्री के भाषण के बाद पोप फ्रांसिस ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्ध किया। बेल्जियम के शाही परिवार के निवास स्थान, लाइकेन कैसल में अपने संबोधन में डी क्रू ने कहा कि आज, सिर्फ़ शब्दों से काम नहीं चलता। बल्कि हमें ठोस कदम उठाने की भी ज़रूरत है। पीड़ितों की बात सुनी जानी चाहिए और गलत कामों को पहचान होनी चाहिए। जब कुछ गलत होता है तो हम उसे छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। भविष्य में देखने के लिए चर्च को अपने अतीत के बारे में खुलकर बात करनी चाहिए। साल 2010 में एक बेल्जियम में पादरी द्वारा बच्चों का यौन शोषण करने का खुलासा हुआ था। इससे बेल्जियम में भूचाल आ गया था। बिशप, ब्रूगेस बिशप रोजर वांगेलुवे पर अपने भतीजे का 13 साल तक यौन शोषण करने का आरोप स्वीकारा था। पोप फ्रांसिस ने इस साल की शुरुआत में ही वांगेलुवे को पदच्युत किया था। यौन शोषण के मामले को छिपाने के लिए कैथोलिक चर्च की खूब आलोचना हुई।

## नेपाली उप प्रधानमंत्री ने चीनी समकक्ष से की मुलाकात, परियोजनाओं को तेजी से लागू करने पर हुई चर्चा

बीजिंग। नेपाल के उप प्रधानमंत्री बिष्णु प्रसाद पौडेल ने अपने चीनी समकक्ष डिंग शुएशियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं के लागू करने सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की। पौडेल चीन की छह दिवसीय यात्रा पर गए हुए हैं। वह शनिवार को काठमांडू लौटेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नेपाल के वित्त मंत्री पौडेल ने गुरुवार की चर्चा के दौरान दोनों सरकारों के बीच हुए समझौतों को लागू करने में तेजी लाने के लिए सामूहिक रूप से काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, डिंग ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की सराहना की। साथ ही परस्पर लाभ के लिए नेपाल और चीन के बीच व्यावहारिक सहयोग के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा, चीन के उप प्रधानमंत्री ने समझौतों के समय पर लागू करने के प्रस्ताव पर भी सहमति जताई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने ट्रांस–हिमालयन बहुआयामी संपर्क नेटवर्क के अंतर्गत परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। विशेष रूप से काठमांडू–केरुंग रेलवे, सीमा पार ट्रांसमिशन लाइन, किमाथांका–हिले और हिल्सा–सिमिकोट सड़क परियोजना पर काम करना है। पौडेल और डिंग ने बुनियादी ढांचे, पर्यटन, शिक्षा, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

नेपाल–चीन विकास सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

इससे पहले, नेपाली वित्त मंत्री ने नेपाल–चीन विकास सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए चीन अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी के अध्यक्ष लुओ झाओहुई से मुलाकात की। इस दौरान बुनियादी ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी, व्यापार एवं परिवहन तथा बंदरगाहों के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। लुओ ने चल रही परियोजनाओं के साथ–साथ आजीविका और सुशासन से संबंधित योजनाओं में तेजी लाने में चीनी सरकार के लिए समर्थन व्यक्त किया।

### उत्तरी गाजा के एक स्कूल पर इजराइली हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत

उत्तरी गाजा में हजारों विस्थापित फिलिस्तीनियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर बृहस्पतिवार को किये गये इजराइली हवाई हमला में कम से कम 11 लोग मारे गए और 22 घायल हो गए। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हताहतों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि उसने जबालिया शरणार्थी शिविर के स्कूल पर हमला किया और कहा कि यह हमला अंदर बैठे हमास के आतंकवादियों को निशाना बनाकर किया गया था जो इजराइली सैनिकों पर हमले की योजना बना रहे थे। इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। अल–फलूजा स्कूल से प्राप्त फुटेज में बचावकर्मियों को मलबे और लोगों की भीड़ के बीच स्कूल परिसर से घायलों को बाहर निकालते हुए दिखाया गया है। एक वीडियो में लोगों को एक क्षत–विक्षत, कटे हुए धड़ को प्लास्टिक में लपेटते और शरीर के अंगों को फ्रीजर में डालते हुए दिखाया गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने तत्काल यह जानकारी नहीं दी कि हताहतों में कितनी महिलाएं और बच्चे हैं। इजराइली सेना ने बार–बार स्कूलों पर हमला किया है, उनका कहना है कि हमास के लड़ाके हमलों की योजना बनाने के लिए उन्हें "कमांड सेंटर" के रूप में इस्तेमाल करते हैं। सेना का कहना है कि वह नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए सटीक हथियारों का इस्तेमाल करती है।

### पाकिस्तान में पुलिस थाने के अंदर विस्फोट में एक बच्चे की मौत, 25 पुलिसकर्मी घायल

उत्तर–पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार को एक पुलिस थाने में जबर्दस्त विस्फोट हुआ, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। यह घटना पेशावर से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्वाबी पुलिस थाने में हुई। केंद्रीय पुलिस कार्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, विस्फोट पुलिस थाने की पहली मंजिल पर स्थित डिपो के अंदर "शॉर्ट सर्किट के कारण" हुआ। बचाव और अग्निशमन दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों को बाचा खान मेडिकल अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं और "इमारत का ऊपरी हिस्सा ढह गया है..."।

प्रतापगढ़ ब्यूरो
शरद कुमार श्रीवास्तव
7/31, अचलपुर, प्रतापगढ़

### पश्चिमी सुमात्रा में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण ढह गई सोने की खदान, 15 की मौत, सात लापता

इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण एक अवैध सोने की खदान ढहने से 15 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। बचावकर्मी सात लापता लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इंडोनेशिया में अवैध खनन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनता रहा है। यहां खनिज संसाधन दूरदराज इलाकों में स्थित है। प्रांतीय आपदा एजेंसी के प्रमुख इर्वान इफेंदी ने कहा, षुरुवार की शाम को सोलोक जिले में भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण अवैध सोने की खदान ढह गई। बचाव कर्मियों को घटनास्थल पर पहुंचने में आठ घंटे लग गए, क्योंकि सड़क मार्ग से यहां पहुंचना मुश्किल था।ष उन्होंने आगे बताया कि पीड़ित स्थानीय निवासी हैं, जो हाथों से ही नन करते हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा कि खदान ढहने के समय वहां 25 लोग मौजूद थे, जिनमें से 15 की मौत हो गई। खदान ढहने से तीन घायल भी हुए और सात लापता हैं। लापता लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस और सैन्य कर्मियों ने अभियान चलाया।

संस्थापक
स्व.कन्हैया लाल
स्व.श्रीमती साधना
सम्पादक
उमेश चंद्र श्रीवास्तव
प्रबन्ध सम्पादक
अरविन्द पाण्डेय
संयुक्त सम्पादक
अनंत श्रीवास्तव
संयुक्त सम्पादक (तकनीकी)
केशव श्रीवास्तव
विधि सलाहकार
कल्पना श्रीवास्तव

शहर समता
स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक उमेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कम्पीटेन्ट बिजनेस सर्विसेज, विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित कराकर 289/238ए,कर्नलगंज इलाहाबाद से प्रकाशित
सम्पादक
उमेश चन्द्र श्रीवास्तव
मो.नं.9005239332
आर.एन.आई.नं.
यूपीएचआईएन/2004/22466
Email : shaharsamta@gmail.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।